जबलपुर सोमवार 24 मार्च 2025 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 19, अंक : 317 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम अधि. 32 न्यून. 16
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

8 ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास



मैट्रो
14 रमनपुर घाटी में बस पलटी, 3 की ...

## 'सनराइजर्स' ने राजस्थान रॉयल को कूटा

# आईपीएल में 'सूर्योदय'

▶▶ ईशान का शतक तो ट्रेविस हैड की आतिशी पारी

▶▶ सनसाइजर्स के 286, यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर, पहला भी 287 उसी के नाम

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच नंबर-2 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टक्कर हुई। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम मुकाबले में सनराइजर्स ने 44 रनों से शानदार जीत हासिल की।




### यशस्वी जायसवाल 1 रन ही बना सके

बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही। उसने दूसरी ही ओवर में दो विकेट खो दिए। तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने पहले यशस्वी जायसवाल (1) को चलता किया फिर उन्होंने कप्तान रियान पराग (4) को भी सस्ते में निपटा दिया। फिर मोहम्मद शमी ने नीतीश राणा को आउट कर दिया, जिसके चलते राजस्थान का स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। यहां से संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 111 रनों की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को हर्षल पटेल ने तोड़ा, जिन्होंने संजू सैमसन को आउट किया।

## औरंगजेब पर मचे बवाल के बीच बोले संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले

# आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग देश के लिए 'खतरा'

**हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं?**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अगर आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग हैं, तो वे देश के लिए खतरा हैं। हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं। यह धर्म की बात नहीं है।

यह आरएसएस का दृढ़ विचार है। देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच होसबोले ने कहा कि बाबा साहेब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया।

अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि



### धर्म आधारित आरक्षण संविधान के खिलाफ

*कर्नाटक सरकार की ओर से सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले पर चल रही बहस के बीच होसबोले ने कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटा की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आरक्षण हमारे संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के खिलाफ हैं।*

### भाजपा अध्यक्ष के लिए प्रचारक को भेजने की योजना नहीं

भाजपा अध्यक्ष पर होसबाले ने कहा कि अध्यक्ष के लिए हमें कोई प्रचारक (भाजपा में) भेजने की मंशा नहीं है। सभी संगठन स्वतंत्र हैं और अपनी प्रक्रिया के तहत अपने अध्यक्ष चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसमें हमसे पूछ कर कुछ करने की जरूरत नहीं है। जातिगत जनगणना पर पर उन्होंने कहा कि हमारे समाज में जाति-बिरादरी के हिसाब से आपस में झगड़े नहीं होने चाहिए।

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में हुए अहम बदलाव

भोपाल। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में अहम बदलाव हुए हैं। इसमें मध्यक्षेत्र के अशोक पोरवाल को दिल्ली स्थित केशव कुंज कार्यालय प्रमुख बनाया गया है। वहीं, विजय दीक्षित को सह प्रांत कार्यवाह, मध्यभारत प्रांत, सुरेंद्र को सह प्रांत प्रचारक, मध्यभारत, कैलाश लववंशी को प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख, मोहित अग्रवाल को निजी सचिव, सरकार्यवाह, केतनभाई को सह प्रांत प्रचारक, मालवा और श्रवण सैनी को सह प्रांत प्रचारक, महाकौशल का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अन्य प्रांतों को लेकर भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

## कैश कांड : सुप्रीम कोर्ट बख्शने के मूड में नहीं : पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की योजना थी, बाद में उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया

# जांच कमेटी को जस्टिस वर्मा को बताना होगा-कैश आया कहां से?

**सीजेआई ने पूछे हैं ये सवाल?**

1. बंगले के स्टोररूम में नकदी कैसे आई?
2. इस नकदी का स्रोत क्या है?
3. 15 मार्च की सुबह स्टोररूम से नकदी किसने हटाई?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा जांच के घेरे में उलझते जा रहे हैं। उनका दावा है कि कैश उन्होंने नहीं रखा। जबकि, दमकल दस्ते को करीब 15 करोड़ कैश मिला। यह सच है कि कैश मिला। जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कियह उनका नहीं है।

*जस्टिस वर्मा का दावा कि उन्होंने कैश नहीं रखा। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट कहती है कि कोई उनके बंगले में भला कैसे घुसेगा?*



जस्टिस वर्मा



*पूछा यह भी जा रहा कि क्या जस्टिस वर्मा को अब इस्तीफा दे देना चाहिए?*



**दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट**

### बंगले में किसी के अनधिकृत प्रवेश की कोई संभावना नहीं

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस आयुक्त ने एक गार्ड के बयान का हवाला दिया है कि 15 मार्च को जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और जली हुई चीजें हटा दी गई थीं। उन्हें निवासियों, कर्मचारियों और सीपीडब्ल्यूडी कार्यकर्ताओं के अलावा किसी अनधिकृत प्रवेश का कोई संकेत नहीं मिला।

**जस्टिस वर्मा पर उठ रहे सवाल**

- आवास के परिसर में कथित 15 करोड़ मिले कैश को वे कैसे जस्टिफाई करेंगे?
- उनको ये भी बताना चाहिए कि...जितनी भी रकम मिली है...उसका सोर्स क्या है?

*जस्टिस वर्मा का बयान*

**कोई खुले स्टोररूम में इतनी नकदी रखेगा?**

जहां आग लगी थी, वहां केवल अनुपयोगी घरेलू सामान जैसे फर्नीचर और गद्दे रखे थे। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मैंने या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य ने वहां नकदी नहीं रखी थी।

## अयोध्या से उज्जैन आ रहे थे सभी

# शिवपुरी में कार पलटी महाराष्ट्र की दो महिला डॉक्टरों की मौत, 4 घायल

» *टीम दस दिन पहले महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा के लिए निकली थी*

» *कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के फोरलेन हाईवे पर लुकवासा के पास एक अर्टिगा कार पलट गई। हादसे में कार सवार दो महिला डॉक्टरों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। कार सवाल महिला डॉक्टरों की टीम महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा पर निकली थी। अयोध्या दर्शन के बाद सभी उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

### इनकी मौत व ये हुए घायल

पुलिस के अनुसार हादसे में डॉ. तन्वी आचार्य (50) पत्नी डॉ. अतुल आचार्य की मौके पर ही मौत हो गई। डॉ. नीलम पंडित (55) पत्नी डॉ. सुबोध पंडित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। वहीं, डॉ. उदय जोशी (64) निवासी दादर, डॉ. सुबोध पंडित (62) निवासी बसई, महाराष्ट्र डॉ. अतुल आचार्य (55) निवासी भिवंडी, महाराष्ट्र और डॉ. सीमा जोशी (59) घायल हुए हैं।

### लोडिंग वाहन से बाइक की भिडंत परिवार के तीन लोगों की गई जान



शिवपुरी में रविवार को हुए एक अन्य सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई, जिसमें एक भाई बहन व दूसरा चचेरा भाई शामिल है। हादसा रविवार को दोपहर करीब 2:30 बजे का है। करैरा थाना क्षेत्र के एनएच 27 हाईवे पर महुअर पुल पर रॉन्ग साइड से आ रहे तीन पहिया लोडिंग वाहन ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी।

## अधिसूचना भी जारी

### केंद्र ने 1 अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20% शुल्क वापस लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 1 अप्रैल, 2025 से प्याज के निर्यात पर 20% शुल्क वापस ले लिया है। उपभोक्ता मामले विभाग के संचार पर राजस्व विभाग द्वारा आज इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई।



घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने शुल्क, न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) और यहां तक कि 8 दिसंबर 2023 से 3 मई 2024 तक लगभग पांच महीने के लिए निर्यात प्रतिबंध के माध्यम से निर्यात की जांच करने के उपाय किए थे।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा

### 3 दिन में 5 लाख से ज्यादा हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है। पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी डेटा के अनुसार यमुनोत्री के लिए 93,803, गंगोत्री के लिए 96,445, केदारनाथ के लिए 1 लाख 66 हजार 576 और बदरीनाथ धाम के लिए 1.55 लाख 46 के रजिस्ट्रेशन हुए हैं।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बोइंग ने 180 लोगों को नौकरी से निकाला

बेंगलूरू। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने भारत में 180 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने वैश्विक कार्यबल में कटौती के तहत यह कदम उठाया है। कंपनी ने बेंगलूरू की इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र में कर्मचारियों को निकाल दिया है। बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। भारत कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार भी है।



### सीयूईटी यूजी के लिए एनटीए ने बढ़ाई तारीख

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। आवेदक अब 24 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सीयूईटी फॉर्म के लिए सुधार विंडो 26 से 28 मार्च तक खुली रहेगी। ऐसे कैंडिडेट्स जो अप्लाई करना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें।



## हादसा : शंकरगढ़ क्षेत्र के चिरई घाट में हुई घटना

### पिकअप-बाइक में भिड़ंत, शादी के लिए लड़की देखकर लौट रहे तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह पिकअप और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक शादी के लिए लकड़ी देखकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तेज तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद बाद मृतकों के परिजन सदमे में है। इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



## अपनी सरकार को घेरा था

### आलोट विधायक को भाजपा ने थमाया शो कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम जिले के आलोट भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय विधानसभा में अपनी सरकार से सवाल पूछकर फंस गए हैं। भाजपा ने मालवीय को शो कॉज नोटिस दिया है। मालवीय ने विधानसभा के बजट सत्र में उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों की स्थाई अधिग्रहण को लेकर मुद्दा उठाया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की ओर से जारी हुए नोटिस में लिखा गया है कि चिंतामणि मालवीय के ताजा बयानों और कृत्यों की वजह से पार्टी की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है।



सिंहस्थ जमीन अधिग्रहण का उठाया था मुद्दा

## फर्जी अनुमति से प्रवेश की कोशिश

### महाकाल थाने में मुंबई के युवक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में फर्जी अनुमति से प्रवेश के मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार की सुबह भस्म आरती के दौरान मुंबई निवासी रौनक परमार को फर्जी अनुमति से प्रवेश करते हुए पकड़ा गया। रौनक अपने 9 साथियों के साथ भस्म आरती के लिए आया था। उसने मोबाइल सॉफ्टवेयर से साथियों की अनुमति को एडिट कर अपना नाम डाल दिया। त्रिनेत्र कंट्रोल रूम में कंप्यूटर चेकिंग के दौरान केएसएस कंपनी के कर्मचारी केशव परिहार ने उसे पकड़ लिया।



तीन दिन में फर्जी अनुमति का दूसरा मामला

## झाबुआ में बड़ा हादसा

### निर्माणाधीन सिनेमा हॉल की छत गिरी, दो मजदूरों की मौत



एजेंसी ▶▶ पेटलावाद

झाबुआ जिले के पेटलावाद में थांदला रोड पर निर्माणाधीन सिनेमा हॉल की छत गिर गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ नगर निगम की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। झाबुआ एसपी पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि थांदला रोड पर पेट्रोल पंप के पीछे एक बहुतल्ला इमारत का निर्माण किया जा रहा था। इस बहुतल्ला इमारत में सिनेमा हॉल का निर्माण होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि दोपहर में जब बिल्डिंग की छत भरने का काम चल रहा था, उसी समय अचानक सेंटिंग नीचे आ गई और बिल्डिंग की छत भरभरा कर नीचे गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों की इस घटना में मौत हो गई है।

■ निर्माण कार्य में अनदेखी से हादसा

## वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

### उधमपुर तक फ्लाइट चलेगी पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा



एजेंसी ▶▶ उधमपुर

उधमपुर में विमान सेवा शुरू करने पर सहमति मिलने इस पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुखद है। इससे विमान सेवा से बाहर जाने वालों को तो राहत मिलेगी ही, उधमपुर व रियासी जिले के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है। अभी तक विमान सेवा सिर्फ जम्मू और श्रीनगर के राजधानी शहरों में ही उपलब्ध है।

हालांकि, अभी उधमपुर में कब सेवा शुरू होगी और किस जगह से सीधे फ्लाइट उतरेगी, इस पर कोई भी फैसला नहीं हुआ है। अभी एक उच्च स्तरीय टीम मूल्यांकन करने के लिए आ रही है और बहुत हद तक उनकी रिपोर्ट पर ही आगे की कार्रवाई होगी। उधर, गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू के लिए फ्लाइट सेवाएं रविवार से शुरू हो गई हैं।

■ मूल्यांकन के लिए आएगी हाई लेवल टीम



# पीएलआई से तमिलनाडु को मिले कई लाभ और बड़े प्रोजेक्ट

## सीएम स्टालिन के अनदेखी वाले बयान पर कहा- 60 प्रतिशत फंड केंद्र देगा

### डीएमके सरकार के आरोपों के बीच बोलीं सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु की डीएमके सरकार तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमलावर है। डीएमके सरकार का कहना है कि केंद्र द्वारा राज्य की अनदेखी की जा रही है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान सामने आया है। सीतारमण ने बताया है कि केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के तहत तमिलनाडु को बड़ा फायदा मिला है और इलेक्ट्रोनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के बड़े प्रोजेक्ट राज्य को मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि 'चेन्नई मेट्रो के विस्तार के लिए 63 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, इनमें से 60 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार देगी। सीतारमण ने तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाया कि तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दों को उठाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है।

**27 में से 7 कंपनियां तमिलनाडु की शामिल**

### लाभार्थी राज्यों में तमिलनाडु भी शामिल

चेन्नई में शनिवार की शाम को चेन्नई सिटिजन फोरम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने तमिलनाडु सरकार द्वारा केंदपर फंडिंग के मामले में राज्य की अनदेखी करने के आरोपों पर कहा कि तमिलनाडु, पीएलआई योजना के सबसे बड़े लाभार्थी राज्यों में से एक है। केंद्र सरकार ने पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रोनिक्स पार्ट्स बनाने वाली और ऑटोमोबाइल सेक्टर की 27 कंपनियों को मंजूरी दी थी, इनमें से 7 कंपनियां तमिलनाडु की हैं।



### विभिन्न योजनाओं को बताया, बजट भी रखा सामने

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'देश के दो बड़े इलेक्ट्रोनिक पार्ट्स बनाने वाले क्लस्टर में से एक तमिलनाडु में और एक गुजरात में बनाया जा रहा है। इसके लिए 1100 करोड़ रुपएखर्च किए जाएंगे। साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में केंद्र की पीएलआई योजना के तहत मंजूर 82 आवेदनों में से 46 तमिलनाडु के मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पवन ऊर्जा संबंधी प्रोजेक्ट के विकास के लिए भी 7,453 करोड़ रुपए दिए गए हैं। राज्य में दो हजार किलोमीटर से ज्यादा रेल लाइनों को विद्युतीकरण का काम हो चुका है।

**10 वर्षों की योजनाओं को भी गिनाया :** वित्त मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए राज्य सरकार के उन दावों को खारिज कर दिया कि उन्हें केंद्र से केंद्रीय कर में बेहद कम हिस्सा मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि राज्य सरकार ने किस गणना के आधार पर यह बात कही है, लेकिन मैं इतना कह सकती हूं कि बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से राज्य को काफी फायदा हुआ है।

### परिसीमन पर दो टूक
## जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग बनेगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित परिसीमन आयोग इस पूरी कवायद का आधार तय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा। उन्होंने विपक्ष के उन दावों का खंडन किया कि निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्गठन केवल जनसंख्या के आधार पर होगा। निर्मला ने चेन्नई में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि दक्षिणी राज्य प्रभावित नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने साफ किया कि कांग्रेस सदस्य और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, उसके विपरीत, भाजपा ने कभी नहीं कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाएगा। निर्मला ने जोर देकर कहा कि जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के सदस्य 'देश भर में घूमकर सभी राज्यों की राय लेंगे'।

---

### खबर संक्षेप

#### पुलिस ने सिंगर का माइक छीना, गाना रोका

**गुरुग्राम।** बदमाशी गानों को लेकर चर्चा में आ रहे हरियाणवी गायक मासूम शर्मा का लाइव प्रोग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित जिमखाना क्लब में बीते शनिवार की रात चल रहा था। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा ने जैसे ही बैन किया गए गाने 'खटोला-2' गाना शुरू किया तो पुलिस अधिकारी ने जबरन माइक ले लिया। शो बंद करा दिया गया।

#### डियर पार्क में पेड़ से लटके मिले दो शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साउथ वेस्ट जिले के डियर पार्क में एक लड़के और लड़की के शव पेड़ से लटके



मिले। शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। इसकी जानकारी सुरक्षा गार्ड ने दी। रविवार सुबह 6.31 बजे बलजीत सिंह, निवासी हौज खास गांव, जो डियर पार्क में सुरक्षा गार्ड है, उन्होंने एक पीसीआर कॉल की।

#### करनाल में 3 दिन का मेगा सब्जी एक्सपो

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि करनाल में 3 दिवसीय मेगा सब्जी



एक्सपो-2025 का आयोजन किया गया है। ऐसे मेलों से किसानों को नई तकनीक सीखने का मौका मिलता है। यहां 3 नए उत्कृष्टता केंद्र खोलने का भी फैसला किया है। हम प्रयास कर रहे हैं । किसान भी इसमें लगातार शामिल हो रहे हैं।

#### मुठभेड़ में काला जठेड़ी के 2 शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार देर रात छावला इलाके में मुठभेड़ के बाद



कुख्यात काला जठेड़ी गिरोह के दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमित डागर और उसके सहयोगी अंकित के रूप में हुई है। डागर जेल में बंद गैंगस्टर ओमप्रकाश उर्फ काला का भाई है।

---

### नागपुर हिंसा के बाद पटरी पर लौटा जनजीवन, सभी जगह शांति

# 6 दिन बाद सभी इलाकों से हटाया गया कर्फ्यू पर संवेदनशील इलाकों में जारी रहेगी गश्त

**रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर दी जानकारी**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था।हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं। इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

#### स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा

एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस हिंसा में तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 112 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।



#### सीएम बोले- जब्त संपत्ति की नीलामी होगी

सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में हुई हिंसा के दौरान हुई तोड़फोड़ और संपत्ति के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि यदि हिंसा फैलाने वाले नुकसान की भरपाई नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति जब्त कर नीलाम की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### अधिकारियों ने धार्मिक कपड़े जलाने की घटना का किया खंडन

नागपुर में हुई हिंसा के संबंध में दावा किया जा रहा था कि हिंदू संगठनों के प्रदर्शनों के दौरान धार्मिक शब्दों वाला 'चादर' जलाया गया था। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने इसका खंडन किया और कहा कि प्रदर्शन में ऐसा कोई 'चादर' नहीं जलाया गया था। इसके साथ ही पुलिस ने कहा था कि इसको लेकर अफवाह फैलाई गई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस संबंध में दावा किया था कि उन्होंने वीडियोज देखे हैं, जिसमें ऐसा कुछ नहीं पाया।

#### हिंसा की इस तरह हुई शुरुआत

दरअसल, 17 मार्च को हिंदू संगठनों वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नागपुर के महल क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के दौरान, उन्होंने औरंगजेब का पुतला जलाया था और कब्र को हटाने की मांग के साथ नारेबाजी की थी। इसी विरोध प्रदर्शनों के दौरान, रिपोर्ट्स सामने आई कि धार्मिक भाषा लिखी हुई 'चादर' जलाई गई थी। हालांकि, बाद में स्थानीय पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया और बताया कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी।

#### हिंसा में शामिल लोगों की पहचान की जा रही,112 गिरफ्तार

नागपुर शहर में हुई हिंसा में शामिल लोगों की स्थानीय पुलिस पहचान कर रही है और उनके खिलाफ एक्शन भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दर्जनों आरोपियों की पहचान की गई है। नागपुर पुलिस ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में 105 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कुछ नाबालिग को भी पकड़ा गया है। स्थानीय पुलिस साइबर सेल और सोशल मीडिया की भी जांच कर रही है। मसलन, नागपुर में हुई हिंसा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था और इससे पहले हिंदू संगठनों द्वारा किए गए प्रदर्शनों के वीडियोज भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे। मसलन, पुलिस ने अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा एक सांप्रदायिक हिंसा में कथित भूमिका के लिए एक यूट्यूबर मोहम्मद शहजाद खान को भी हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस ने एमडीपी के नागपुर अध्यक्ष और हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया था।

---

### ठाणे के एक धर्मार्थ ट्रस्ट में 'गोलमाल'

# ट्रस्टियों पर अनियमितता के आरोप, 11 ट्रस्टी नियुक्त

## मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही



एजेंसी ▶▶ ठाणे

यहां के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के पुराने ट्रस्टियों पर ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितता करने और प्रशासनिक खामियां करने का आरोप लगा है। इसके बाद ठाणे की एक अदालत ने पिछले ट्रस्टियों को फिर से नियुक्त करने से इनकार कर दिया और 11 नए ट्रस्टियों को नियुक्त किया है। भिवंडी के जिला न्यायाधीश एनके करांडे ने कहा कि ट्रस्ट के प्रशासन और विकास के लिए भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था के नए ट्रस्टियों की नियुक्ति जरूरी है। अदालत ने फैसला दिया कि मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही है और उन्होंने प्रशासनिक खामियां की हैं। भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था गणेशपुरी बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के तहत एक पंजीकृत धर्मार्थ ट्रस्ट है। यहां ट्रस्टियों को पांच साल के लिए नियुक्त किया जाता है। जिला न्यायालय द्वारा नई नियुक्तियां की जाती हैं।

#### जांच के कारण नियुक्तियां हुईं

पिछले ट्रस्टियों को 2016 में पांच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 16 नवंबर 2021 को समाप्त हो गया। नियुक्ति प्रक्रिया में देरी और वित्तीय अनियमितताओं के कई आरोपों के कारण मुकदमेबाजी चलने से नए सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी। कई ट्रस्टियों के खिलाफ वित्तीय कुप्रबंधन समेत कई शिकायतें मिलीं। चैरिटी कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ट्रस्टियों के खिलाफ चल रही अनियमितता, अनादर, कदाचार की शिकायतों की जांच चल रही है। कई ट्रस्टी वर्ष 2019-2020 और 2020-21 के लिए ऑडिट रिपोर्ट और वित्तीय खाते जमा करने में भी विफल रहे। वहीं ग्रामीणों, ट्रस्ट कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी ट्रस्ट प्रशासन और आर्थिक लेन-देन पर चिंता जताई थी।

#### 75 आवेदक मानदंडों में खरा मिले

कोर्ट ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी करके ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन मांगे। कोर्ट को 152 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों के हलफनामों की जांच की गई। इसके बाद कोर्ट ने माना कि 75 आवेदक आवश्यक मानदंडों को पूरा करते थे।कठोर चयन प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने 11 नए ट्रस्टियों की नियुक्ति की। इसमें सुनील ज्ञानोबा पोटे, जगन्नाथ पोसो पाटिल, अनुजा अमोल सिंगलवार, नयन सिंह जतन सिंह ठाकोर, उदय ईश्वरलाल व्यास, रवींद्र चंद्रूलाल शुक्ला, विट्ठल मोहन राजपूत, ललिता नितान जोशी, अमित किसन राउत, आनंद प्रभाकर अन्वेकर और सुगंधा सचिन जाधव शामिल हैं।

---

### हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ

# मणिपुर भी देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा, शांति प्रक्रिया कायम होगी

## कानून मंत्री मेघवाल ने कहा- शांति से होगा विकास

एजेंसी ▶▶ इंफाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के बीच शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना की। वे मणिपुर हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं मणिपुर में जारी शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना करता हूं, ताकि विकसित भारत में अपना योगदान दे सके।

#### जस्टिस गवई बोले: हिंसा का दौर खत्म होगा



राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इसने राहत शिविरों का दौरा किया। विस्थापित लोगों से बातचीत की। न्यायमूर्ति गवई ने उम्मीद जताई यहां जातीय हिंसा का मौजूदा कठिन दौर कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के सहयोग से समाप्त होगा। हमें विश्वास है कि मणिपुर राज्य देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा।

**शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए मिलकर काम करें**
न्यायमूर्ति गवई ने लोगों से अपील की कि वे शांति और सद्भाव बहाल करने मिलकर काम करें। मणिपुर में मई 2023 से मैती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा का सिलसिला जारी है।

### हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद के सदर गिरफ्तार

**संभल।** जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर



लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उन की भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है। एएसपी श्रीशचंद का कहना है उस बवाल में आरोपी बनाया गया है।

### लखनऊ में मांडविया ने किया आयोजन



#### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से बताई फिटनेस

**लखनऊ।** रविवार को पूरे देश में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ, दिल्ली और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। लखनऊ में सामाजिक परिवर्तन स्थल पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

---

### पीएम ने लोगों से इसे सुनने की अपील की

# मोदी का फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध

## लोग इस बातचीत को बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी का लोकप्रिय अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में



उपलब्ध है। पीएम मोदी ने रविवार को लोगों से इस पॉडकास्ट को सुनने की अपील की और कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बातचीत को पहुंचाना है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हाल ही में लेक्स फ्रिडमैन के साथ किया गया पॉडकास्ट अब कई भाषाओं में उपलब्ध है।

#### मतदान का भी किया जिक्र

यह पॉडकास्ट 16 मार्च को यूट्यूब पर अपलोड किया गया था, जिसमें पीएम मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता , क्रिकेट, फुटबॉल, चीन, अमेरिका, पाकिस्तान और अपने शुरुआती जीवन सहित कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। मोदी ने भारत में चुनावी प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया कि 2024 लोकसभा में 98 करोड़ लोगों ने मतदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। यह संख्या उत्तर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को यह सुनना चाहिए। 2024 के आम चुनाव में 98 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जिनके पास वैध आईडी और सभी आवश्यक जानकारी थी।

### सपा सांसद रामजी लाल ने राणा सांगा को कहा था गद्दार

# हिंदू महासभा सांसद की जीभ काटने पर देगी एक लाख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी। वहीं, सपा सांसद ने भी सफाई दी है। सपा सांसद रामजी लाल का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं।

**आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने किया प्रदर्शन**

**तो सभापति मेरे बयान को हटा दें**



#### सांसद ने राज्यसभा में ये कहा

सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन? इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।

**देश में तनाव रोकना गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी**
सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम देश में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द्र कायम रखना है। यहां किसी प्रकार का तनाव न हो, यह गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल ही में होली पर मुसलमानों की तरफ से एक स्वर नहीं निकला, इसके बावजूद गलत बयानबाजी की गई।

#### 24 घंटे में मामला दर्ज नहीं किया गया तो करेंगे आंदोलन

महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि तहरीर के आधार पर 24 घंटे में मुकद्दमा दर्ज नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। तहरीर देने के बाद संजय पैलेस में स्पीड कलर लेब के सामने सपा सांसद का पुतला फूंका। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि सपा सांसद के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा उसे एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। साथ ही हिंदू महासभा ने सपा सांसद के डीएनए टेस्ट की मांग भी की।

*10 मार्च को शुरू हुए अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया*

# समापनः भारत और किर्गिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर-12' में सीखे युद्ध कौशल के आधुनिक तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और किर्गिस्तान के बीच चल रहा संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर-12' 23 मार्च को टोखमोक में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह अभ्यास 10 मार्च को शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच सहयोग को मजबूत करना, उच्च ऊंचाई पर युद्ध कौशल को निखारना और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों को बेहतर बनाना था। इस अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया। दोनों सेनाओं ने स्नाइपिंग, जटिल इमारतों में घुसपैठ, पहाड़ी युद्धकला और विशेष आतंकवाद-रोधी अभियानों का अभ्यास किया। गौरतलब है कि 'खंजर' अभ्यास पहली बार 2011 में शुरू हुआ था और अब यह एक वार्षिक आयोजन बन गया है। इस अभ्यास का आयोजन भारत और किर्गिज़स्तान में बारी-बारी से किया जाता है। पिछला संस्करण जनवरी 2024 में भारत में हुआ था।

**खास बातें**

- आतंकियों से निपटने के तरीकों से सैनिक हुए रूबरू
- पहाड़ी युद्धकला के अभ्यास ने बढ़ाया सैनिकों में आत्मविश्वास
- खंजर की शुरुआत 2011 से हुई थी तभी से निरंतरता बनी है




## प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए

समारोह में दोनों देशों के रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी और मित्र देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने इस अभ्यास को क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया। अभ्यास के बाद एक व्यापक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की।

## नवरोज पर्व का जश्न मनाया

अभ्यास के दौरान नवरोज पर्व का भी जश्न मनाया गया, जो भारत और किर्गिस्तान के जवानों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण अवसर बना। समापन समारोह में किर्गिज रक्षा मंत्रालय ने भारत के दो जवानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किए, जबकि दो अन्य जवानों को उनके पेशेवर मानकों के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए।

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ हुए पोप, अस्पताल से मिल गई छुट्टी



**रोम।** निमोनिया से उबरने के बाद रविवार को पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह वेटिकन के लिए रवाना हुए। रविवार को पोप फ्रांसिस पांच सप्ताह में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए और अस्पताल की बालकनी से लोगों को आशीर्वाद दिया। पोप (88) को जब रोम के गेमेली अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाली बालकनी में ले जाया गया तो उन्होंने भीड़ का अभिवादन किया। पोप की एक झलक पाने के लिए रविवार की सुबह से ही सैकड़ों लोग एकत्र हुए थे।

### अमेरिका में भारतीय मां ने बेटे का गला रेता



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल की महिला ने अपने 11 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। महिला का नाम सरिता रामाराजू (48) और बेटे का नाम यतिन रामाराजू है। महिला बेटे के साथ घूमने के लिए कैलिफोर्निया के सेंटा एना में डिज्नीलैंड गई थी। यहां तीन दिन बिताने के बाद महिला ने होटल में बेटे का चाकू से गला रेत दिया। उसने पुलिस को बेटे की हत्या और खुद के जहर खाकर आत्महत्या करने की जानकारी पुलिस को दी।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद चीन से कई मुद्दों पर बात की

ट्रंप के तेवर देख ड्रैगन के उड़ गए होश!

# चीन के प्रधानमंत्री बोले- अमेरिका से टकराव नहीं बातचीत का विकल्प सही



◆ व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल मामले में दोनों देश उलझे हुए हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग की रविवार को अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेन्स के साथ मुलाकात हुई। बैठक के दौरान ली कियांग ने कहा कि बीजिंग और वाशिंगटन को टकराव के बजाय बातचीत का विकल्प चुनना चाहिए, क्योंकि दोनों देश व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल व्यापार से निपटने के प्रयासों को लेकर टकराव में उलझे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टीव डेन्स जनवरी में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से बीजिंग का दौरा करने वाले कांग्रेस के पहले सदस्य हैं। ली के साथ बैठक के दौरान उनके साथ कई अमेरिकी व्यवसायी लीडर शामिल हुए, जिनमें फेडएक्स कॉर्प के सीईओ राज सुब्रमण्यम, बोइंग कंपनी के सीनियर उपाध्यक्ष ब्रैंडन नेल्सन, क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो अमोन और फाइजर के सीईओ अल्बर्ट बोरला शामिल थे।

### ट्रंप ने कहा था-अमेरिका और चीन मिलकर कामयाबी की डगर पर चलेंगे तो दोनों देशों को होगा बड़ा फायदा

ली कियांग ने कहा कि देशों के बीच संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गए हैं और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जनवरी में ट्रंप के साथ एक कॉल के दौरान कहा था कि दोनों देश भागीदार और मित्र बन सकते हैं, जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा, इतिहास हमें बताता है कि चीन और अमेरिका दोनों को सहयोग से लाभ होगा और टकराव से नुकसान। हमारे दोनों पक्षों को टकराव के बजाय संवाद, शून्य-योग प्रतिस्पर्धा के बजाय विन-विन सहयोग को चुनने की आवश्यकता है।

**साल के शुरुआत में मंशा की जाहिर**

*ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही जिनपिंग को विभिन्न मुद्दों से कराया रूबरु*

*साल की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक सार्थक बातचीत की, जिसमें उन्होंने व्यापार, फेंटेनाइल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बातचीत की जानकारी दी, जिसे उन्होंने बेहद उपयोगी बताया और सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने लिखा, यह बातचीत चीन और अमेरिका दोनों के लिए बहुत अच्छी रही। मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर कई समस्याओं का समाधान करेंगे और तुरंत इसकी शुरुआत करेंगे। हालांकि इसके बाद दोनों ही देशों में आपसी अनबन शुरु हो गई और संबंधों में कड़वाहट आने लगी।*




### ट्रंप के पहले शासनकाल में टैरिफ बड़ा मुद्दा था

ली कियांग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि अमेरिका चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर और विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेगा। ट्रंप के पहले शासन काल के दौरान, जब टैरिफ भी एक बड़ा मुद्दा था तब डेन्स ने मीडियेटर के रूप में काम किया था। चीन की यात्रा से पहले डेन्स कार्यालय ने कहा कि वह व्हाइट हाउस के साथ निकटता से समन्वय कर रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे।

गुजराती पिता-पुत्री की अमेरिका में हत्या

# दुकान बंद होने के कारण नहीं मिली शराब तो सिरफिरे ने मारी गोली



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां के एक डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर गुजराती पिता-पुत्री की हत्या ने अमेरिका में भारतीय समुदाय को झकझोर दिया है। अब गुजरात में पीड़ित परिवार ने खुलासा किया है कि पिता और पुत्री को एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति ने सिर्फ इसलिए गोली मारी थी, क्योंकि उसे शराब चाहिए था और दुकान बंद हो गई थी। उसे इसके लिए दुकान खुलने का रात भर इंतजार करना पड़ा, जिस कारण वह गुस्से में था।

**शराब के लिए करना पड़ा इंतजार भड़क गया युवक**

जब प्रदीप और उर्मी वहां पहुंचे तो उसने उनसे पूछा कि दुकान क्यों बंद है? आरोपी ने इस बात के लिए दोनों पर गुस्सा जताया कि उसे रातभर इंतजार करना पड़ा। गुस्से और आवेश में जॉर्ज ने दोनों पर गोलियां चला दीं। प्रदीप को दो गोलियां लगीं, जबकि एक गोली उर्मी को लगी। घटना के दो घंटे के भीतर अमेरिकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छह साल पहले प्रदीपभाई और उनकी पत्नी हंसाबेन अपनी सबसे छोटी बेटी उर्मी के साथ विजिटर वीजा पर अमेरिका गए थे।

### शराब के लिए रातभर किया था इंतजार

प्रदीपभाई पटेल (56) जब 21 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे अपनी बेटी उर्मी के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर खोल रहे थे, तभी उस व्यक्ति ने दोनों को गोली मार दी। प्रदीपभाई पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 26 वर्षीय बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रदीप के परिवार ने कहा कि आरोपी की पहचान जॉर्ज फ्रेजियर डेवोन व्हार्टन के रूप में हुई है, जो पूरी रात शराब खरीदने के लिए उनके डिपार्टमेंटल स्टोर के आसपास मंडराता रहा।

किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

# पाक के बलूचिस्तान में अलग-अलग हमलों में 4 पुलिसकर्मी और 4 मजदूरों की हुई हत्या

एजेंसी ▶▶ कराची



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया। नोश्की शहर के गरीबाबाद इलाके में शनिवार को पहली घटना हुई जहां गश्त कर रहे पुलिस दल पर मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें चार पुलिसकर्मी मारे गए। वहीं, कलात के मंगोचर शहर के मलंगजई इलाके में दूसरा हमला हुआ, जिसमें पंजाब प्रांत के चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी हाशिम खान ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मियों के शवों को अस्पताल भेज दिया गया है तथा पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।

**प्रदर्शन के चलते प्रांत में है तनाव**

अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान में ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब 'बलूच यकजहती कमेटी' (बीवाईसी) द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण प्रांत में स्थिति तनावपूर्ण है। बीवाईसी द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण रविवार को प्रांत के कई हिस्से बंद रहे। पुलिस ने क्षेत्र में चक्का जाम करने और प्रतिष्ठानों को बंद करवाने के आरोप में बीवाईसी के केंद्रीय नेताओं को शनिवार से गिरफ्तार करना शुरू कर दिया था।

अमृतसर में बड़े गिरोह का भंडाफोड़

# खुद को पुलिस अधिकारी बताकर ड्रग्स नेटवर्क चलाती थी महिला

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

ड्रग्स के खिलाफ मुहिम में पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमृतसर पुलिस ने ड्रग्स के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस गिरोह की सरगना एक महिला है जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी। इतना ही नहीं इस महिला के तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़े हुए थे। इस ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ होने के बाद अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अमृतसर पुलिस ने 5.2 किलो हेरोइन बरामद की है। हमने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की सरगना मंदीप कौर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी।



परिवार ने सरकार से मांगी मदद

# डेटा चोरी के आरोप में कतर की जेल में है भारतीय इंजीनियर, रिहाई के प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर स्थित कंट्री हेड अमित गुप्ता को इस साल 1 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वर्तमान में वह जेल में हैं। जानकारी के अनुसार अमित गुप्ता पर डेटा चोरी का आरोप लगाया गया है।

इसी मामले की जांच के संबंध में उनको हिरासत में लिया गया है। दरअसल, अमित गुप्ता कतर में आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कंट्री हेड हैं। स्थानी सुरक्षा एजेंसियों ने उनके खिलाफ डेटा चोरी का आरोप लगाया है। इस मामले में टेक महिंद्रा ने कहा कि कर्मचारी के परिवार से साथ संपर्क लगातार बनाए हुए हैं। अमित गुप्ता मूल रूप से गुजरात के वडोदरा के रहने वाले हैं। वह आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर कंट्री हेड हैं। इसके बाद उनका पूरा परिवार उनकी रिहाई के लिए तमाम प्रयास कर रहा है।

**इंजीनियर की मदद कर रही भारत सरकार**

कंपनी ने कहा कर्मचारी की भलाई सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में भारतीय दूतावास अमित गुप्ता के परिवार की मदद कर रहा है। सूत्रों की मानें तो कतर में हमारा दूतावास एक भारतीय नागरिक अमित गुप्ता को कतर के अधिकारियों द्वारा चल रही जांच के सिलसिले में हिरासत में लिए जाने के बारे में जानता है।

तालिबान की जीत के रूप में देखा जा रहा

# अमेरिका ने जार्ज को रिहा किया हक्कानी पर से हटा लिया इनाम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन





हाल ही में तालिबान ने एक अमेरिकी नागरिक, जॉर्ज ग्लेजमैन, को रिहा किया, जिसके तुरंत बाद अमेरिका ने तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी समेत तीन नेताओं पर रखा इनाम हटा लिया। दरअसल, यह कदम वैश्विक मंच पर तालिबान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय अलगाव को कम करने की दिशा में बढ़ने की संभावना है। सिराजुद्दीन हक्कानी हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख नेता और अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्री हैं। 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने के लिए कुख्यात, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक समेत छह लोग मारे गए थे। हक्कानी नेटवर्क तालिबान का सबसे खतरनाक घटक माना जाता है, जो आत्मघाती हमलों, बम विस्फोटों और अपहरण में शामिल रहा है।

15 से शुरू हुआ और 29 मार्च को संपन्न होगा सांस्कृतिक उत्सव

देश और विदेश के मेहमान होते हैं उत्सव के साक्षी

# गोवा शिगमो महोत्सव : वसंत के स्वागत में रंग-बिरंगी झांकियों और लोक नृत्यों का जश्न

एजेंसी ▶▶ गोवा

**18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जा रहा जश्न**



गोवा में इन दिनों पारंपरिक शिगमो महोत्सव की धूम मची हुई है। दो सप्ताह तक चलने वाला यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव 15 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च तक सम्पन्न होगा। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है इस दौरान रंग-बिरंगी झांकियों, लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है, जो गोवा की समृद्ध विरासत को दर्शाता है। गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खंवटे ने कहा कि गोवा में दो बड़े त्योहार-कार्निवल और शिगमो हैं। हाल ही में कार्निवल पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया और अब हम शिगमो का जश्न मना रहे हैं, जो 15 दिनों तक चलता है और लगभग 18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जाता है। शिगमो हमारा पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। शिगमो महोत्सव, जिसे स्थानीय भाषा में शिगमोस्तव कहा जाता है, गोवा के हिंदू समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। यह फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। मंत्री खंवटे ने कहा कि गोवा अब पर्यटकों के लिए समुद्र तटों के अलावा अन्य आकर्षण भी बढ़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब हम गोवा में पर्यटन को समुद्र तटों से आगे ले जाना चाहते हैं। पर्यटक यहां आकर नई चीजें देखना चाहते हैं, इसलिए हम अपने उत्सवों को और भव्य बना रहे हैं। हम चिखल कालो (मिट्टी का त्योहार) और साओ जोआओ (संत जॉन द बैपटिस्ट का सम्मान करने वाला पर्व) जैसे नए त्योहार भी जोड़ रहे हैं।

**विदेशी मेहमानों ने सराहा**

त्योहार में शामिल एक पर्यटक ने कहा, यह हमारा गोवा और भारत का पहला दौरा है। हमें इतना भव्य अनुभव मिलने की उम्मीद नहीं थी। यह बहुत रंगीन है और लोग काफी दोस्ताना हैं। हम खुश हैं कि हमने इस उत्सव को देखा। ईरान से आए एक अन्य पर्यटक ने कहा, यह बहुत खूबसूरत समारोह है और हम यहां आकर बहुत खुश हैं। मैंने पहले कभी ऐसा त्योहार नहीं देखा। उम्मीद है कि यह लंबे समय तक चलता रहेगा।




# अर्थ ऑवर डे-2025: एक घंटे अंधेरे में रहकर शहर के घरों व संस्थानों ने बचाई सैकड़ों यूनिट बिजली

## 22 मार्च को रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच शहर में लोगों ने बंद रखी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार का दिन पूरी धरती के लिए खास रहा है। 22 मार्च को अर्थ ऑवर-डे मनाया गया। इस बार की थीम द पावर ऑफ नेचर रखी गई। इसी के तहत शनिवार को शहर में एक घंटे के लिए कई संस्थान और घरों में बिजली का उपयोग नहीं किया। एक अनुमान के अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक घंटे के दौरान बिजली बंद रहने से सैकड़ों यूनिट बिजली की बचत हुई है।

वहीं, ब्ल्यूडब्ल्यू एफ-इंडिया के भोपाल कार्यालय ने साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के साथ अर्थ ऑवर 2025 मनाया। वॉलिंटियर्स सहित स्थानीय युवा संगठनों सहित 110 से अधिक प्रतिभागियों ने आयोजित इस साइक्लोथॉन में भाग लिया। इसे संगीता सक्सेना, राज्य निदेशक डब्ल्यू डब्ल्यू एफ- इंडिया, भोपाल और एलएनसीटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेज, भोपाल के डॉ. अमितबोध उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### क्या होता है इस दिन?

*अर्थ पावर डे का खास दिन होता है इसमें 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ ऑवर 2025 मनाया जाता है। इस खास दिन को सफल बनाने के लिए दुनियाभर के लोग, संस्थान और बड़े-बड़े स्मारक एक घंटे के लिए गैर-आवश्यक लाइटें और बिजली से चलने वाले उपकरण बंद कर देते हैं। यह पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में जागरुकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।*

---

विक्रमोत्सव के तहत 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को कराना है अवगत

## राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह को मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा की विरासत से विकास के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव के तहत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो आमजन को पता होना चाहिए।

आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

### खास बातें

- विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है सम्राट विक्रमादित्य को
- शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास होगा



### सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित आयोजन होंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र पर केंद्रित आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में होंगे। राज्य के बाहर भी सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाटिका के माध्यम से उनके जन-हितैषी कार्यों की जानकारी जन-जन को देने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष हैदराबाद में इसी प्रकार का आयोजन किया गया था, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।*

### न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम के लिए आदरणीय नाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को सिंहासन बत्तीसी कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया। साथ ही जनता के लिए जवाबदेह नवरत्नों का मंत्रिमंडल गठित कर ऐसी व्यवस्था की जिसमें राजा नहीं बल्कि नौ मंत्रियों की ओ रसे लिए गए निर्णयों का शासन से क्रियान्वयन किया जाता था। सुशासन के लिए वर्तमान में क्रियान्वित मापदंड सम्राट विक्रमादित्य के काल की याद दिलाते हैं।

### शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यवसाय किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति के लिए आशियाने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने भी शहरी हो या गरीब सभी के लिए पक्के मकान की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उनकी ओर से बिना ब्याज के धन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा, न्यायप्रियता प्रत्येक क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सम्राट विक्रमादित्य का काल और आज के इस काल में अनेकों समानताएं हैं।

### परंपरा का प्रकटीकरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण का एक माध्यम है। सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व और शासन पद्धति, विभिन्न पक्ष हैं। उनके शासन काल में प्रत्येक मंत्री अलग विषयों के विशेषज्ञ थे जो देश के अलग-अगल क्षेत्रों से आकर सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था से जुड़कर, व्यवस्था को सुशासन में बदलने का कार्य कर रहे थे। माना जाता है कि तीन भाईयों की जोड़ी विश्व में प्रसिद्ध है, इनमें प्रथमतः भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की तथा तीसरी जोड़ी सम्राट विक्रमादित्य और भृतहरि की है। यह तीसरी जोड़ी मप्र से है। यह सौभाग्य का विषय है कि सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी उज्जैन रही।

---

इंदौर में बिहारी समाज का स्नेह मिलन कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री ने की बिहारियों की योग्यता बुद्धिमत्ता और श्रमशीलता की सराहना






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर में बिहारी दिवस के उपलक्ष्य में वृहद बिहारी समाज स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बिहार और बिहार के निवासियों की योग्यता, बुद्धिमत्ता और श्रमशीलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार और मप्र का प्राचीन काल से ही गहरा नाता रहा है। भारत देश के वैभवकाल में पाटलिपुत्र और अवंतिका सत्ता के दो केंद्र हुआ करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक की राजधानी पाटलिपुत्र रही, लेकिन उनकी संतति ने मप्र से ही श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचार की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ गंगा के पावन जल में मध्यप्रदेश की नदियों का जल भी समाहित है। मप्र से निकलने वाली अनेक नदियाँ अंततः गंगा में जाकर समाहित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं और आने वाले दिनों में विकास का यह पहिया और भी तेज़ी से घूमेगा।

### छठ पूजन के लिए घाट विकसित करने मेला आयोजन की घोषणा भी की

*मुख्यमंत्री ने इंदौर में बिहारी समाज की मांग पर यहां छठ पूजन के लिए घाट विकसित करने और छठ मेला आयोजित किए जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में बिहार से आए सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक सुश्री गायत्री देवी, प्रदेश के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्रीतुलसीराम सिलावट, सांसदशंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार सहित विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मप्र में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12, 13 और 14 अप्रैल को सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन दिल्ली में होने वाला है। आगामी 30 मार्च को गुढ़ी पड़वा है। ऐसे में गुढ़ी पड़वा के बाद नये वर्ष में विक्रम संवत का प्रवर्तन करने वाले महानायक के जीवन के विविध गुणों से आज पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने बताया कि महानायक विक्रमादित्य के विक्रम संवत के अवसर पर मप्र सरकार ने दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।*

---

युवाओं के लिए फिल्म को बताया प्रेरणादायी, छग में टैक्स फ्री है फिल्म

# सीएम और डिप्टी सीएम ने देखी 'छावा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में फिल्म 'छावा' के टैक्स फ्री होने का एलान फरवरी में कर दिया था। अब हाल ही में सीएम फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ फिल्म देखी। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'आज नवा रायपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रमी पुत्र संभाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित फिल्म 'छावा' देखी। संभाजी महाराज ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया'।




### 14 फरवरी को हुई थी रिलीज

फिल्म 'छावा' 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। एक महीने से अधिक वक्त होने के बावजूद यह सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें विक्की कौशल के अलावा रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म के कारोबार की बात करें तो कल शनिवार को 37वें दिन फिल्म ने 3.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म का टोटल नेट कारोबार 578.65 करोड़ रुपये हो गया है।

### संभाजी महाराज का प्रेरक इतिहास

*मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, 'इस फिल्म ने संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान को अत्यंत प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया है, जो हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। संभाजी महाराज का यह प्रेरक इतिहास अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार ने फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री किया है'। सीएम के साथ इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा और सम्पत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।*

---

26 और 27 को होंगी विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां, जानी-मानी हस्तियां रहेंगी मौजूद

# ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जोरशोर से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जारी है। यह महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ व समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समेत सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी।

इस लिहाज से महोत्सव स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे।





### कहा जाता है छत्तीसगढ़ का खजुराहो

*मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण 'छत्तीसगढ़ का खजुराहो' कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियों की जा रही है।*

---

बीजापुर के रक्षित केन्द्र में मुलाकात कर सफल ऑपरेशन की सराहना की

# सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों का डिप्टी सीएम ने बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बीजापुर में गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से बीजापुर जिले के रक्षित केंद्र में मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की भुजाओं की ताकत के बदौलत आज मैं सड़क मार्ग से बीजापुर आया हूं। इसके पूर्व कोई भी गृहमंत्री सड़क मार्ग से बीजापुर नहीं आये। गौरतलब है कि 20 मार्च को हुए इस मुठभेड़ में 14 महिला माओवादी सहित कुल 26 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद। शिनाख्त



माओवादियों में डिवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम और पीएलजीए सदस्य शामिल थे। इस मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लॉचंर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ, दवाईया, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ। बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी सीएएफ और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये ' जिसमें जिला- बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है।

### सीएम साय की तरफ से शुभकामना संदेश सुनाया

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है। भीषण मुठभेड़ में हमारे एक जांबाज जवान शहीद हुए उसको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। बस्तर शांति का टापू रहा है, परन्तु कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यह की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे। यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ऑपरेशन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के सकारात्मक परिणाम मिले है।

> आपके अदभुत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी

---

# राइस मिल में भीषण आग चार फायरब्रिगेड पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र चिखली स्थित नारायण राइस मिल में रविवार की सुबह आग लग गई। आग की सूचना राइस मिल के मालिक ने पुलिस और जिला अग्निशमन की दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।

जिला अग्निशमन अधिकारी कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम को रवाना किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जिला दमकल विभाग के चार दमकल गाड़ियों को भेजकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग लगाने का कारण अज्ञात बताया जा रहा हैं। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है आग से धान और बारदाने जलकर खाक हो गए।

प्रतिदिन होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# पुस्तक मेला की तैयारियां पूर्णता की ओर, मेलें में बच्चों के मनोरंजन के लिये लगाये जा रहे झूले-फूड स्टॉल

## बुक बैंक हेतु पुरानी पुस्तकों का किया जा रहा संकलन

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में पुस्तक मेला 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं शेष दिवसों में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूर्णता की ओर हैं। टेंट स्टॉल तैयार हो गए हैं अभी तक 60 दुकानदारों ने स्टॉल हेतु पंजीयन करा लिया है। मेले को भव्यता प्रदान करने के लिए प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले में फूड स्टॉलों के साथ बच्चों के लिए झूले भी लगाए जा रहे हैं। पुरानी पुस्तकों के आदान-प्रदान हेतु बुक बैंक का संचालन किया जा रहा है जिसमें नागरिक अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर सकते हैं, इस हेतु सभी विद्यालयों, नागरिकों से अपील कर पुरानी पुस्तकों का संकलन किया जा रहा है। अभी तक लगभग 10000 पुस्तकों का संकलन किया जा चुका है। मेले में छात्रों को कैरियर काउंसलिंग भी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत को नोडल अधिकारी,



जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। टेंट व पंडाल व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी हेमंत सिंह को, मेला स्थल का लेआउट व स्टॉल के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवेन्द्र सिंह को, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग एनएस रघुवंशी और सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ को दायित्व सौंपे हैं। इसी प्रकार डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय व डीपीसी योगेश शर्मा को पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर उनके सेट बनवाने एवं बुक बैंक की समस्त जिम्मेदारी तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के लिये, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक को दुकानदारों से समन्वय एवं कैरियर काउंसलिंग कराने, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक आशीष दीक्षित को स्वयं सेवी संगठनों से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम अधारताल और पंकज मिश्रा को मेला स्थल की संपूर्ण साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, मंच एवं कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था, अस्थाई टॉयलेट व मेला स्थल पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोगी अपर आयुक्त नगर पालिक निगम आरपी मिश्रा होंगे। प्रोटोकॉल की समस्त व्यवस्थाओं के लिये जिला सत्कार अधिकारी ऋषभ जैन को दायित्व सौंपा गया है। मेला स्थल पर दुकानों की 24 घंटे सुरक्षा की जिम्मेदारी, यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को एवं मंच व्यवस्था सभी अशासकीय विद्यालयों से समन्वय, पुस्तक विक्रेता, प्रकाशकों से समन्वय व शिकायतों के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का दायित्व सौंपा गया है। पुस्तक मेला की आय-व्यय के संपूर्ण लेखा रखने के लिये जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा, मेले में संचालित हेल्प डेस्क एवं समस्त तकनीकी कार्य के लिये जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस चित्रांशु त्रिपाठी तथा मेले स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था एवं फुड स्टॉल पर विक्रय होने वाली खाद्य साम्रगी की जांच के लिये सीएमएचओ एवं जिला खाद्य अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।



# नेपाल को बनाएंगे हिंदू राष्ट्र, जानकी महल नेपाल के महंत का किया स्वागत

**जबलपुर।** नेपाल से पधारे जानकी महल के महंत राम रोशन दास महाराज ने कहा कि नेपाल को हम फिर हिंदू राष्ट्र बनाएंगे, हमारा कल्चर भारत से मिलता है, वे दो दिवसीय प्रवास के बाद भेड़ाघाट में मां नर्मदा के दर्शन कर बनारस होते हुए नेपाल रवाना हो गए, आज उनका शाल, माला पहनकर अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सावित्री देवी अग्रवाल, नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी के संरक्षक डॉ. सुधीर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, एडवोकेट मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम जयंती पर वाहन रैली 30 अप्रैल को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा एवं अनुसांगिक संगठन परशुराम वाहिनी एवं सर्वजातीय मंच एवं जय रेवा खंड, मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक शतक्रतु आश्रम में संपन्न हुई। इस बैठक में 30 अप्रैल को भगवान परशुराम की विराट वाहन रैली प्रति वर्ष अनुसार ग़ुलौआ चौक गढ़ा से निकालने का निर्णय हुआ। 30 अप्रैल को शाम 5:00 बजे ग़ुलौआ चौक से विराट वाहन रैली निकाली जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में सर्व समाज की लोग शामिल होंगे। इस वाहन रैली का आयोजन मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के द्वारा किया जाएगा । बैठक में आशीष त्रिवेदी प्रवीण तिवारी गुड्डा त्रिपाठी रत्नेश मिश्रा सिद्धार्थ शुक्ला संजय तिवारी अखिलेश दीक्षित रोहित तिवारी राहुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बिना बजट कैसे बनेगा डेयरी साइंस कालेज

## प्रदेश सरकार के बजट में राशि का आवंटन नहीं

**जबलपुर।**

इस बर्ष के बजट में जबलपुर डेयरी साइंस कालेज हेतु कोई भी बजट आवंटित नहीं किया गया है। इस कालेज हेतु आवश्यक राशि का उल्लेख न तो वेटरीनरी यूनिवर्सिटी के बजट में न ही पी.डब्ल्यू डी. के बजट में है। जिससे भवन निर्माण आदि कार्य शुरू हो सके। चिन्ता का विषय है कि आने वाले सप्लमेंटरी बजट में भी राशि आवंटित होगी, यह भी निश्चित नहीं है। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने विधायक अशोक रोहाणी तथा विधायक लखन घनघोरिया को पत्र भेजकर निवेदन किया कि पिछले ५ वर्षो में सरकार के पास लंबित पड़ा हुआ डी.पी.आर. के मंजूरी हेतु आवश्यक कदम उठाकर आने वाले सप्लीमेंटरी बजट में उसे आवश्यक राशियां प्राप्त हो, इस दिशा में पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री राकेश सिंह तथा वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से चर्चा करें।

### पशुपालन मंत्री की घोषणा कागजी ....

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेल्फेयर संघ ने बताया कि डेयरी साइंस कालेज जबलपुर में यह २६ नवम्बर २०२४ को पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल द्वारा की गई घोषणा केवल कागजी थी, इसके बाद उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, डी.के.सिंह, सुभाष चन्द्रा, सुशीला कनौजिया, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड. जी.एस. सोनकर, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे, लखनलाल प्रजापति, अर्जुन कुमार, यूए गोटिया, डीआर लखेरा, माया कुशवाहा, उमा दाहिया आदि उपस्थित थे।

### फड़बाज फरार पांच जुआरियों से 85 हजार जप्त

**जबलपुर।** विजय नगर थाना पुलिस और क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने सनातन चौक के पास कुलदीप गुप्ता के घर पर जमें जुये के फड़ पर छापा मारकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर 85 हजार रुपये जप्त किये. छापा पड़ते ही फड़बाज कुलदीप गुप्ता फरार हो गया. विजय नगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच टीम ने विजय नगर पुलिस के साथ कुलदीप गुप्ता के घर पर दबिश दी, यहां 60 वर्षीय सचिन जैन, प्रदीप जैन निवासी राधागोविन्द काम्पलेक्श दीक्षितपुरा, आनंद भट्ट निवासी फूटाताल बढ़ई मोहल्ला हनुमानताल, प्रकाश नामदेव निवासी पारिजात बिल्डिंग पीएनबी बैंक के बाजू में कोतवाली , अभिषेक जैन निवासी पंजाब बैंक कालोनी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये. मौके से कुलदीप गुप्ता फरार हो गया. पुलिस ने जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 85 हजार 300 रूपये की जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय शपथ समारोह के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

**जबलपुर।**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के नव-नियुक्त अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कांसल, महासचिव विनय जैन (जबलपुर) एवं कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल के साथ अतिरिक्त महासचिव जम्बू जैन धवल, संयुक्त महासचिव नवीन जैन, ललित बड़जात्या, स्वर सुधा की चेयरपर्सन नीता धवल एवं सचिव मनीष घीवाला ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनयादव को 30 मार्च को उज्जैन में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शपथ समारोह में 'शपथ शिरोमणि अतिथि' के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रुप जबलपुर मेन के अध्यक्ष मुल्कराज बादशा ने बताया कि इस समारोह में देशभर में फैली फेडरेशन की 360 शाखाओं से



नियुक्त हुए समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ शिरोमणि के रूप में श्रीमती पुष्पा प्रदीप कासलीवाल शपथ दिलाएंगी। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, महासचिव विपुल बांझल एवं कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला अपने सफल कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएँ एवं धन्यवाद प्रस्तुत करेंगे।

### शराब के लिए रुपए न देने पर मारपीट

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत सुभाष नगर में बीती रात बाइक सवार तीन युवकों को रोक कर दो बदमाशों ने शराब के लिए रुपयों की मांग कर न देने पर चाकू से हमला कर दिया। मामले में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय प्रकाश टेकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह संतराम परस्ते एवं मोनू मार्को के साथ अपनी मोटर साइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में वे जैसे ही सुभाष नगर पहुंचे तभी आरोपी गुल्लु और शिवेंद्र वहां मिल गए। दोनों आरोपियों ने प्रकाश से शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए मांगे। मांग पूरी न होने पर दोनों आरोपियों ने गाली गलौज कर आरोपी गुल्लु ने चाकू से प्रकाश की कमर में चोट पहुंचा दी। मोनू के बीच बचाव करने पर आरोपी शिवेंद्र ने झूमाझपटी की। दोनों आरोपी प्रकाश और उसके साथियों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही हैं।

## कर्मा जयंती पर शोभायात्रा आज

## मानस भवन में सांस्कतिक आयोजन कल

**जबलपुर।** साहू समाज की अराध्य देवी शिरोमणी मां कर्मा देवी की जयंती पर आज साहू समाज द्वारा भव्य दिव्य शोभायात्रा मालवीय चौक से निकाली जाएगी. वहीं कल 25 मार्च को शाम 6 बजे से मानस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व जयंती समारोह का आयोजन भी किया गया है.



वरिष्ठ समाज सेवी मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकिरण साहू के संयोजन में शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है. शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे मालवीय चौक से प्रारंभ होगी जो सुपर मार्केट बड़ा फुहारा मिलौनी गंज हनुमानताल होते हुये खेरमाई मंदिर में समाप्त होगी.शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ मां कर्मा की झांकियां शामिल होंगी.शोभायात्रा में सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया गया है. मानस भवन में सांस्कृतिक आयोजन कल ...साहू युवा संस्था द्वारा मानस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 25 मार्च को शाम 06 बजे से किया जाएगा. कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, डॉ दीपक साहू अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे.इनके अलावा समाज के वरिष्ठ जन व जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.संस्था अध्यक्ष दीपक साहू, सुधीर साहू, सुनील साहू, योगेन्द्र साहू, अनिल धीरज उमाकांत सतीष कमल रवी साहू आदि ने उपस्थिति की अपील की है.

# चेटीचंड महोत्सव पर साईकल रैली कल

**जबलपुर।**

भगवान भगवान श्री झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर 10 दिवसीय कार्यक्रम स्वामी रामदास महाराज (महंत श्री विष्णु धाम), स्वामी अशोकानंद महाराज (महंत भक्ति धाम), स्वामी प्रदीप महाराज (युगल धाम) के सानिध्य में एवं अशोक ईश्वरदास रोहाणी(विधायक) की उपस्थिति मे आयोजित किये गए हैं जिसमें 25 मार्च सुबह 7 बजे एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया है जो श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सिंधु भवन घंटाघर में समाप्त होगी। 26 मार्च दिन बुधवार ब्रह्माकुमारी साध्वी बहन मीना द्वारा आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम शाम 5 से 7 श्री झूलेलाल मंदिर में रखा गया है दिनांक 28 मार्च शुक्रवार सिंधियत आनंद मेला का आयोजन सिंधु

### दस दिवसीय कार्यक्रम होंगे

जागृति महिला सेवा समिति द्वारा सिंधु भवन घंटाघर में शाम 4 से 10 बजे तक आयोजित किया गया है 29 मार्च 2025 शनिवार श्री झूलेलाल प्रभात शोभायात्रा का आयोजन किया गया है जो सुबह 7 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करते हुए सिंधु भवन में समापन होगा तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है 30 मार्च रविवार चेटीचंड के दिन सुबह 8 बजे बहराणा साहब जी की ज्योति प्रजवलित की जाएगी तथा शाम 7 बजे से विशाल शोभा यात्रा सिंधु भवन घंटाघर से प्रारंभ होकर बड़ी ओमती भरतीपुर मुकदमगंज तुलाराम चौक करमचंद चौक से कॉफी हाउस रोड होते हुए श्री झूलेलाल मंदिर में समाप्त होगी! जिसमें अनेक झांकियां बैंड दल शामिल होंगे। 1 अप्रैल 2025 मंगलवार शान ए सिंधियत नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे मानस भवन मैं आयोजित किया गया है 2 अप्रैल बुधवार रंग भरो प्रतियोगिता शाम 5 से 7 तक श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर जबलपुर, 4 अप्रैल छठी महोत्सव प्रात 9 बजे से 10.30 बजे तक श्री झूलेलाल मंदिर में, 5 अप्रैल शनिवार अष्टमी का हवन पूजन रात्रि 8 बजे झूलेलाल मंदिर में रखा गया है समिति की ओर से उद्धव दास परवानी, दिलीप तलरेजा माधव दास कुंदवानी, रामचंद्र आहूजा, रमेश आहूजा, लख्मीचंद खेमानी, त्रिलोक चंद वासवानी, राजकुमार कंधारी, तुकाराम चंदवानी, गोविंद हिरानी धर्मेंद्र मंगलानी, अनिल रोहरा, कैलाश वासवानी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## अनुकंपा नियुक्ति में कार्यरत लिपिकों की सीपीसीटी की बाध्यता हो समाप्त

**जबलपुर।** अनुकंपा नियुक्ति पर कार्यरत लिपिकों को सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता समाप्त की जाए। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने यह मांग की। उन्होंने बताया कि यदि ऐसे कर्मी सीपीसीटी परीक्षा पास न कर पाए तो उन्हें हटाए जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए शासन को उन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें पर्याप्त समय और अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति पर नियुक्त लिपिकीय कर्मचारियों को कम से कम 3-5 वर्ष का समय सीपीसीटी उत्तीर्ण करने के लिए मिलना चाहिए ताकि वे नौकरी के साथ-साथ परीक्षा की तैयारी कर सकें। यदि निर्धारित अवधि में सीपीसीटी उत्तीर्ण नहीं कर पाते तो पुनः अतिरिक्त प्रयास के लिए अवसर मिलना चाहिए तथा नौकरी से निकालने के बजाय पदावनत का विकल्प अथवा अस्थायी रूप से कम वेतनमान या अन्य निम्न पदों पर पदावनत किया जाने का विकल्प होना चाहिए। अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य दिवंगत कर्मचारी के परिवार की आर्थिक मदद करते हुए उस परिवार को संभलने का मौका देना है। इसलिए परीक्षा में असफल होने पर नौकरी से हटाने का आधार सही नही हैं। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की हैं कि अनुकंपा नियुक्ति में पदस्थ कर्मचारियों लिपिकों को नौकरी से हटाए जाने संबंधित आदेश को निरस्त करते हुए उन्हे पुनः अधिक अवसर प्रदान करते हुए सीपीसीटी उत्तीर्ण नहीं करने की दशा में पदावनत किए जाने संबंधी व्यवस्था किए जाने के आदेश जारी किए जाए। यह मांग संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, त्रिलोक सिंह, समर सिंह ठाकुर, आषीष कोरी आदि ने की है।

### लुंगी से फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत रामपुर चौकी अंतर्गत में दुर्गा नगर निवासी एक युवक ने लुंगी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मृतक के छोटे भाई वर्मा डेरी, दुर्गा नगर, रामपुर निवासी 23 वर्षीय संजय यादव ने दी। संजय ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े 6 बजे वह सोकर उठा तो देखा उसका बड़ा भाई 28 वर्षीय गुलशन उर्फ अजय यादव अपने कमरे की छत की स्टील की पाइप से लुंगी का फांसी का फंदा बनाकर मृत अवस्था में लटका हुआ था। पड़ोसियों की मदद से संजय ने भाई गुलशन के शव को नीचे उतारा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया हैं।

संयुक्त प्रयासों से ही होगी कांग्रेस की कायापलट

# शहर की दिशा दशा बदलने में कांग्रेस की कोशिशों को एकजुटता की दरकार

**जबलपुर।**

एक हो जाएं तो बन सकते हैं रौशन सूरज, वर्ना इन बिखरे हुए तारों से क्या काम बनें... यह उर्दू की प्रसिद्ध पंक्ति जबलपुर के कांग्रेस परिवार पर सटीक बैठती है। शहर में लंबे समय के बाद कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से सक्रिय नजर आ रही है, लेकिन यह सक्रियता बिखरी हुई है और विभिन्न विभागों और विधानसभाओं में विभाजित है। वर्तमान में, जबलपुर में कांग्रेस के विभिन्न गुटों की गतिविधियाँ अलग-अलग चल रही हैं। एक तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तीन महीने में कांग्रेस की कायापलट करने का दावा कर रहे हैं, उनका कहना है कि संगठन में युवाओं को तवज्जोह दी जाएगी. वार्ड कमेटी से लेकर मोहल्ला कमेटी और पंचायत कमेटी तक गठित की जाएंगी. विधानसभा वार कमेटी बनेगी. सभी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिये अलग से प्रभारी भी नियुक्त किय जाएंगे. फिलहाल जबलपुर में कांग्रेस दिशा और दशा बदलने के लिये संघर्ष तो कर रही है. लेकिन इस संघर्ष में बिखराव भी दिख रहा है.

नगर निगम की अपनी अलग कांग्रेस दिख रही है. शहर विधायक, पूर्व विधायक अपनी अलग टीम के साथ आजाद काम कर रहे हैं. नगर अध्यक्ष की टीम अलग है, वरिष्ठ नेता अपने अपने स्तर पर काम कर रहे हैं. अधारताल की अलग कांग्रेस, पूर्व कांग्रेस की अपनी दुनिया, और उत्तर मध्य में अलग कांग्रेस गुट हैं। केन्ट में कांग्रेस, आटोपायलट मोड पर है.

हर गुट अपने स्तर पर शहर की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करता दिख रहा है, और इन प्रयासों को आम लोग नोटिस भी कर रहे हैं। कई लोग इन कोशिशों की सराहना भी कर रहे हैं, लेकिन एक अहम सवाल यह उठता है कि अगर इन प्रयासों को एकजुट किया जाए और इन्हें नेतृत्व के अधीन एक योजना के तहत चलाया जाए, तो यही कोशिशें शहर की दिशा और दशा को बदलने में सक्षम हो सकती हैं।

### बिखरे तारों की नहीं सूरज की जरूरत

हालांकि, कांग्रेस पार्टी के इन विभिन्न प्रयासों में अभी भी एकजुटता की कमी है। ये प्रयास ज्यादातर व्यक्तिगत स्तर पर हो रहे हैं, न कि संगठनात्मक स्तर पर। इसका परिणाम यह है कि ये सभी प्रयास एक साथ मिलकर शहर की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। वर्तमान स्थिति में ये प्रयास तारे की तरह चमक रहे हैं, जो आम जन का ध्यान तो आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन इनमें इतनी शक्ति नहीं है कि वे सूरज की तरह चमककर शासन-प्रशासन की नीतियों को बदलवा सकें।वरिष्ठ कांग्रेस जनों का कहना है कि यदि कांग्रेस की इन कोशिशों को एकजुट किया जाए, उन्हें एक मजबूत नेतृत्व के अधीन रखा जाए और योजना बनाकर कार्य किया जाए, तो यह पूरी पार्टी एक सामूहिक शक्ति बनकर शहर के विकास और सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। एकजुटता, समन्वय और सही दिशा में काम करने से कांग्रेस पार्टी न केवल शहर की समस्याओं का समाधान कर सकती है, बल्कि भाजपा के मुकाबले भी मजबूत स्थान बना सकती है।

### पूरा संगठन साथ आए तो बात बने...

नगर कांग्रेस के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि पार्टी को अपनी बिखरी हुई ताकत को एकजुट करने की जरूरत है। अगर कांग्रेस अपने गुटों को एक मंच पर लाकर एक साझा उद्देश्य के लिए काम करने में सफल होती है, तो यह न केवल संगठन को पुनर्जीवित कर सकता है, बल्कि शहर के नागरिकों के लिए सकारात्मक बदलाव भी ला सकता है। इसलिए, कांग्रेस के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी प्रयासों को एकजुट करे और शहर के लोगों को यह दिखाए कि वह सिर्फ बिखरे तारों की तरह नहीं, बल्कि एक मजबूत सूरज की तरह चमकने का सामर्थ्य रखती है।

लोगों को रोजगार मिले इसी उद्देश्य से हॉट बाजार का लोकार्पण किया गया था

# भेड़ाघाट का हॉट बाजार दुर्दशा पर आंसू बहा रहा, जिम्मेदार मौन

**भेड़ाघाट में कई करोड़ों की लागत से बना हाट बाजार की बाट लगाई जा रही हैं यहां के शिल्पकारों को बेहतर रोजगार मिले इसी उद्देश्य से 2009 में भेड़ाघाट हाट बाजार और मनोरंजन पार्क का लोकार्पण बड़े तामझाम से किया गया था।**

हरिभूमि न्यूज भेड़ाघाट।

एक एकड़ में फैला हाट बाजार को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयार कर संचालन नगर परिषद भेड़ाघाट को सौंप दिया परंतु नगर परिषद ने ना तो इसका संचालन शुरू किया और ना कोई सार्थक कदम नहीं उठाए पूरी दुनिया में भेड़ाघाट की शिल्प कला और उसकी संस्कृति को फैलाने और उसके प्रचार प्रसार करने के लिए हॉट बाजार को बनाया गया था 16 साल बीतने के बाद भी इसे भेड़ाघाट का दुर्भाग्य कहें या नगर परिषद में बैठे तमाम जिम्मेदारों जनप्रतिनिधियों की लापरवाही या विकास में दिलचस्पी न होकर सिर्फ विकास की हवा हवाई बातें करते हैं तभी तो भेड़ाघाट का हॉट बाजार अपनी बर्बादी पर आंसू आ रहा हैं।

### लोकार्पण कर भूल गए जिम्मेदार

इस हॉट बाजार का लोकार्पण विश्व पर्यटन दिवस के दिन को खास तौर पर चुना गया शहर के कई बड़े नेता और जनप्रतिनिधि अधिकारियों की मौजूदगी में हॉट बाजार का लोकार्पण किया गया यूं तमाम लोग इस लोकार्पण समारोह के बाद भी भेड़ाघाट आए पर किसी ने इस बेहाल होते हाटबाजार की और नजर नहीं डाली। हॉट बाजार की किस्मत का फैसला नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को चलाने की थी कि इस हॉट बाजार को दोबारा अपने नए रूप में लाने के लिए एक बार फिर सरकारी धन की होली खेली जाएगी या हाट बाजार को अपनी दुर्दशा पर छोड़ दिया जायेगा। आखिरकार सवाल यह उठता है कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से हॉट बाजार की दरवाजे,खिड़की, टाईल्स, तक चोरों द्वारा चोरी कर ले गए खण्डहर हो गये हॉट बाजार की सुध लेने वाला कोई नहीं हैं भेड़ाघाट पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने भी इस और ध्यान नहीं दिया कि करोड़ों की लागत से बना हाट बाजार को बर्बादी पर छोड़ दिया है इस हॉट बाजार के दिन कब फिरेंगे। ये कहे कि हाट बाजार का नामोनिशान ही मिट जायेगा।

शासन प्रशासन में बैठे अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है भेड़ाघाट के विकास का ढीढोरा पीटने वाले जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं तभी तो भेड़ाघाट पर्यटन स्थल का चहुंमुखी विकास में पिछड़ रहा है कहावत है कि भेड़ाघाट सबका भेड़ाघाट का कोई नहीं आखिर कार यह सिद्ध हो रहा है विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट विकास को मोहताज है।








# भगवान आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक पर निकली विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि जबलपुर।

वर्तमान चौबीसें के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज द्वारा आज अपूर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। जैन मंदिरों में प्रातः से ही अभिषेक पूजन का क्रम प्रारंभ हो गया था भगवान आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक पर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दरहाई एवं शासनोदय तीर्थ हनुमानताल से तपोमूर्ति आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद आचार्य समय सागर महाराज की प्रेरणा से निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज ससंघ एवं आर्यिकारत्न मृदुमति माता जी, आर्यिकारत्न विमलमति माता जी के ससंघ सानिध्य में एवं शोभायात्रा संयोजक एडवोकेट विजय चौधरी,लायन नरेन्द्र जैन, आयोजक डॉ ऋषभ चौधरी, राकेश दाऊ के संयोजन में ,विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा लिए अश्वरोही दल चल रहा था तत्पश्चात धार्मिक धुनें प्रस्तुत करते बैंड दल एवं धमाल पार्टी, आध्यात्मिक संदेश लिखे बैनर एवं भगवान श्री आदिनाथ के चित्र लिए युवकों के दल शामिल थे ।इसके पश्चात भगवान श्री आदिनाथ जी, आचार्य श्री विद्यासागर जी,नवाचार्य श्री समय सागर जी एवं मुनि निर्यापक श्री सुधा सागर जी के तेल चित्र हाथ ठेले पर सुशोभित थे विशाल शोभायात्रा में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (चौधरी) मंदिर दरहाई, श्री शासनोदय तीर्थ हनुमानताल का मनोहरी रजत रथ एवं श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बरिया वाला, श्री नन्हें जैन मंदिर, स्वर्ण मंदिर लार्डगंज, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मिलौनीगंज एवं चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर शांति नगर की रजत पालकी पर विराजमान भगवान श्री आदिनाथ जी की प्रतिमा संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग पर धर्म प्रभावना कर रही थी। शोभायात्रा श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर साथिया कुआं, फूटाताल, सराफा पहुंची जहां पर श्री शासनोदय तीर्थ से प्रारंभ शोभायात्रा सम्मिलित होकर कमानिया गेट, अंधेरदेव, नॉर्मल स्कूल रोड, लार्डगंज थाना , पुरानी चरहाई, खोवा मंडी कोतवाली,तमरहाई होते हुए वापस मंदिर जी में पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई मंदिर में भगवान आदिनाथ जी का जन्म अभिषेक आरती पूजन किया गया। शोभायात्रा में पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन,पूर्व विधायक विनय सक्सेना,विधायक अभिलाष पांडे,पार्षद कमलेश अग्रवाल, रजनी कैलाश साहू , पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, महामंत्री अनिल जैन, सुजीत भाऊ, मुकेश फणीश,अनुराग जैन गढ़ावाल,चक्रेश नायक, मनीष कालू, संदीप जैन,संजय चौधरी, विशाल चौधरी,जय कुमार जैन, हेमचंद जैन,संजय सेठ, रवि जैन,विवेक, विकास ,वैभव चौधरी, सुनील गढ़ावाल, पंकज विद्यार्थी उपस्थित थे। शोभायात्रा का जैन सोशल ग्रुप जबलपुर, लारेक्स, मनीष जैन कालू, रंगीला,सुनील चड्ढा परिवार आदि द्वारा फल,मिष्ठान, शीतल पेय वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, श्री शासनोदय तीर्थ ट्रस्ट का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

पंडित अशोक मनोध्याय का अमृत महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

# सनातन संस्कृति से युवा पीढ़ी को जोड़ने में धार्मिक आयोजनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका




**जबलपुर।** दैनिक जीवन-शैली में समाज कल्याण के लिए निरंतर समय निकालकर कार्य बहुत कम लोग करते हैं। धर्म समाज और संस्कृति के लिए निरंतर भागीरथी प्रयासों से ही परिणाम आते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता को घर परिवार और समाज में सकारात्मक समन्वय स्थापित करना पड़ता है। सनातन संस्कृति से आज की युवा पीढ़ी को जोड़ने में धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। हर वर्ग को जोड़ने में रामलीला का विशेष योगदान है उक्त उद्गार जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने पं अशोक मनोध्या के सम्मान समारोह में कहे। श्रीराम लील समिति गढ़ा के संयोजक, श्री सनातन धर्म महासभा के महामंत्री, नगर के अनेकों धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के मार्गदर्शक एवं सहयोगी, प्रसिद्ध रामभक्त समाजसेवी श्रद्धेय *पं अशोक मनोध्याय जी का 75 वाँ जन्मदिन अमृतमहोत्सव आयोजन समिति लघुकाशी गढ़ा के अध्यक्ष पंडित रमेश बसेड़िया, सचिव डॉ भूपेन्द्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष लोकराम कोरी,कोषाध्यक्ष शरद दुबे कुररिया, श्याम साहनी,गुलशन माखिजा, राजेश नेमा, दिनेश मिश्रा के द्वारा अमृत महोत्सव के रूप में उनके सम्मान स्वरूप श्री राम मन्दिर मदन महल में सम्पन्न हुआ। रामरंगी द्वाराचार्य पूज्य जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज व संतो के पावन सानिध्य सहित अनेक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पंडित अशोक मनोध्याय का अभिनंदन किया गया ।

पाटन मझौली विधायक अजय विश्नोई रहे मौजूद

# पशु चिकित्सालय का पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने किया निरीक्षण



**पाटन।** मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री लखन पटेल का रविवार को नगर आगमन हुआ जहां पर वह पशु चिकित्सालय की बिल्डिंग का निरीक्षण करने भी पहुंचे। इस दौरान पाटन मझौली विधायक अजय बिश्नोई भी उनके साथ मौजूद रहे पाटन पशु चिकित्सालय की बिल्डिंग काफी पुरानी है और जर्जर हो चुकी है ऐसे में यहां पर नई बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव रखा गया है पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने पशु चिकित्सालय पहुंचकर इमारत के निरीक्षण किया और जल्द ही यहां पर एक नई इमारत बनाने की भी बात की पाटन मझौली विधायक अजय बिश्नोई ने पशुपालन मंत्री लखन पटेल को यहां पर एक नई बिल्डिंग निर्माण करने के बारे में बताया था जिसको लेकर पशुपालन मंत्री ने पशु चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण किया और कहां है कि यहां पर नई बिल्डिंग बनाने के लिए योजना लाई जाएगी।पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने गौ तस्करों को लेकर बयान दिया है मंत्री लखन पटेल का कहना है कि प्रदेश शासन गौ तस्करों के खिलाफ सख्त है और आगे आने वाले समय में और सख्त कार्रवाई की जाएगी दमोह में गौ तस्करों के मकान गिराए गए हैं गो तस्करी करता जो भी पकड़ा जाएगा उसको बख्शा नहीं जाएगा मध्य प्रदेश शासन गौ संवर्धन और संरक्षण के लिए लगातार कोशिश कर रही है हाल ही में हाईटेक गौशाला भी जबलपुर में बनाई गई है। यही नहीं गो तस्करों के ऊपर नकेल लगाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है यही नहीं यदि उनके वाहन पकड़े जाते हैं तो उनको राजसात किया जाता है आगे आने वाले समय में गौबसरंक्ष के लिए और भी कड़े कानून बनाए जाएंगे।

# जन अभियान परिषद नुनसर ने अमरपुर के तालाब में किया श्रमदान



**पाटन।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकासखंड पाटन समन्वयक श्रीमति नुपुर खरे के मार्गदर्शन अनुसार सेक्टर नुनसर 03 की नवांकुर संस्था श्रृष्टि महिला उत्थान समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो, मेंटर ,BSW,MSW छात्र, छात्राओं के द्वारा ग्राम अमरपुर के तालाब में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया जिसमें संस्था प्रतिनिधि अंजना विश्वकर्मा जी, मेंटर यशवंत सेन जी, प्रस्फुटन समिति आरक्षा से शुभम अहिरवार इंद्रकुमार पार्वती जी छात्र साक्षी साहू, पूनम साहू, पूजा यादव एवं ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

# शिव मंदिर बाबाताल में ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आज

**सिहोरा।** नगर के सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में 36 वें हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ में ब्राह्मण बालकों का सामुहिक यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार आज सोमवार को आयोजित किया गया है। भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा एंव नृसिंह टेकरी के ब्रम्हलीन संत द्वारका दास जी महाराज की कृपा से विश्वशांति मानव कल्याण के उद्देश्य को लेकर आयोजित यज्ञ में भागवताचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री प्रतिदिन भागवत कथा की मीमांसा कर रहे हैं।यज्ञ समिति के एड पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया आज आयोजित होने वाले ब्रतबंध में सिहोरा खितौला के साथ अनेक ग्रामीण क्षेत्रों के 26 ब्राह्मण बालक हिस्सा ले रहे हैं जिनका यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री सहित अन्य वेदाचार्य पंडित जनेऊ संस्कार संपन्न करायेंगे।

# रिंकू कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश महासचिव नियुक्त



**सिहोरा।** कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने सोशल मीडिया जबलपुर ग्रामीण सचिव एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता मंझगवा निवासी रिंकू शर्मा को सोशल मीडिया का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी,राहुल गांधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे,पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तंखा की सहमति एंव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव,कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे,पूर्व प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी,महिला कांग्रेस पूर्व प्रदेश महामंत्री मंजू मिश्रा,राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि अमोल चौरसिया की अनुशंसा पर की गई है। रिंकू की नियुक्ति पर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल,जनपद सदस्य राजा पटेल,पवन सोनी,नीरज पाठक,दीपेंद्र मरकाम, ,दीपक पटेल,गुल्लू खान,पार्षद ममता गोटिया, आलोक पांडे,गणेश दहिया,शंकर वंशकार,राजेश पटेल,रामलोचन कोल,शंभू गोटिया,सुनील तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विभागीय भविष्य निधि की राशि लेखा पर्ची से गायब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला संयोजक अटल उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों के वेतन से विभागीय भविष्य निधि मद में जो राशि काट कर जमा की गई है, वह राशि प्रदेश शासन के आदेशानुसार जी पी एफ (जर्नल प्रोविडेंट फंड ) में मर्ज नहीं की गई है। जल संसाधन, लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग , लोक निर्माण विभाग के वाहन चालक, वाहन हेल्पर, समयपाल, पंप अटेंडेंट, चौकीदार, माली के लेखा पर्ची में भविष्य निधि मद में काट कर जमा की गई राशि जमा नहीं दरसाई जा रही है। राशि जमा ना होने के कारण अग्रिम कर्ज लेने में कोसालय द्वारा आपत्ति लगाई जा रहीं हैं। सेवा निवृत्त होने पा जमा राशि का भुगतान भी अनेकों परेशानियों के पश्चात हो पा रहा हैयह कार्य कार्यालय प्रमुख को करना है परंतु उनकी लापरवाही से कार्यभारित स्थापना के कर्मचारी के फंड की राशि में सुधार नहीं हो पा रहा है। सेवारत कर्मचारी और सेवा निवृत्त अनेक कर्मचारी अपने वेतन से काटकर जमा की गई रासी के लिए ही परेशान हो रहे है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा ,जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक आलोक अग्निहोत्री, देवेंद्र पचौरी, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोधिया, मंसूर बेग , बृजेश मिश्रा, शैलेश गौतम, योगेंद्र मिश्रा, रविबांगड़ ,अर्जुन सोमवंशी ने विभागीय भविष्य निधि मद में काट कर जमा की गई राशि तत्काल जी पी एफ खाते में जमा करने की मांग की है।




**श्रीमती बलवीर कौर चंडोक-** दत्त आर्केड फेस 2 सिविल लाइन निवासी श्री निपिन्दर सिंह चंडोक की धर्मपत्नी श्रीमती बलवीर कौर चंडोक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कांता बाई रौतेल-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री जीवन लाल रौतेल की धर्मपत्नी श्रीमती कांता बाई रौतेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार तंतवाय-** आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री मोहन लाल तंतवाय के पुत्र श्री संजय कुमार तंतवाय (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आरती दत्त-** अवधपुरी कॉलोनी निवासी श्री रतन रंजन दत्त की धर्मपत्नी श्रीमती आरती दत्त (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनंतराम पाल-** सिद्धबाबा हनुमान होटल निवासी श्री अनंतराम पाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शुभांगी परांजपे-** राबरा काम्पलेक्स कटंगा तिराहा निवासी श्री अच्युत राव परांजपे की धर्मपत्नी श्रीमती शुभांगी परांजपे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव दर्शन वर्मा-** चांदमारी पंचशील रोड लालमाटी निवासी श्री शिव दर्शन वर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जोगराज वर्मा-** झिरिया सदर निवासी श्री जोगराज वर्मा (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र विश्वकर्मा-** दिव्य परिसर कॉलोनी सूखा पाटन रोड निवासी श्री राजेंद्र विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमाकांत सिंह-** सिविल लाइन निवासी श्री रमाकांत सिंह (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई रैदास-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रमेश कुमार रैदास की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई रैदास (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वंशीधर सिंह-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री वंशीधर सिंह (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मन विश्राम सतनामी-** कांचघर नई बस्ती श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री मन विश्राम सतनामी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मी नारायण मौर्य-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मी नारायण मौर्य (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिकेत सेन-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम मूरत सेन के पुत्र श्री अनिकेत सेन (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सीमा पासी-** संजय नगर सदर निवासी श्री किशन पासी की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा पासी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल सिंह ठाकुर-** यादव मोहल्ला रामपुर निवासी श्री कमल सिंह ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमार पांडे-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री रमेश कुमार पांडे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहनदास जयसिंघानी-** शीतलपुरी बल्देवबाग निवासी श्री मोहनदास जयसिंघानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हरि शंकर तिवारी-** कछियाना गंजीपुरा रोड निवासी श्री हरि शंकर तिवारी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 50/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### सोयाबीन व पामोलीन तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल के दाम अपने पूर्व सप्ताहांत के मुंकाबले गिरावट के साथ बंद हुए। मांग बढ़ने के बीच सोयाबीन तिलहन, आवक कम होने और मांग बढ़ने की वजह से पामोलीन से सस्ता होने के कारण बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए।

### रसना को 2025-26 में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद




**नई दिल्ली।** पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी रसना को वित्त वर्ष 2025-26 में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। रसना इंटरनेशनल के चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि कंपनी को निर्यात और नए उत्पादों के दम पर इस वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने भारत में 20,000 करोड़ रुपये के ''फ्रूट ड्रिंक'' बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अपना नया फ्रूट ड्रिंक पाउडर पेश किया है।

### एलएंडटी को 12 हजार करोड़ रुपए उधारी जुटाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 12,000 करोड़ रुपये के उधारी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने बाह्य वाणिज्यिक उधारी, सावधि ऋण, गैर-परिवर्तनीय ऋण पत्र या किसी अन्य माध्यम से 12,000 करोड़ रुपये तक की दीर्घकालिक उधारी जुटाने को मंजूरी दी है।

### डीएलएफ की 40 हजार करोड़ निवेश की योजना




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी रियल्टी कंपनी डीएलएफ लिमिटेड आवास और वाणिज्यिक परियोजनाओं के विकास के लिए अगले 4-5 साल में करीब 40,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। डीएलएफ समूह ने पिछले हफ्ते गुरुग्राम में विश्लेषकों के साथ बैठक में अपनी मौजूदा कारोबारी स्थिति और मध्यम अवधि के लिए भविष्य की योजना के बारे में बताया।

### फरवरी तक चीन से 8.47 लाख टन डीएपी आयात



**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से 8.47 लाख टन डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक का आयात किया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस अवधि के दौरान भारत का कुल डीएपी आयात 44.19 लाख टन रहा है। इसमें चीन का हिस्सा 19.17 प्रतिशत बैठता है।

### चीन के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगा



**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू कंपनियों को चीन से आने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए इस महीने वैक्यूम फ्लास्क और एल्युमीनियम फॉयल सहित पड़ोसी देश के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। ये शुल्क इसलिए लगाए गए, क्योंकि ये उत्पाद सामान्य से कम कीमतों पर चीन से भारत को निर्यात किए जा रहे थे। इन उत्पादों में सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम फॉयल और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड शामिल हैं।

# आखिर एक हुआ हल्दीराम परिवार, नागपुर व दिल्ली यूनिट साथ करेंगी काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी भुजिया और पारंपरिक स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम स्नैक्स फूड में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। हल्दीराम के नागपुर और दिल्ली यूनिट अब साथ मिलकर काम करेंगे।

- नए आईपीओ लाने के लिए रास्ता साफ, कंपनी हिस्सेदारी बेचेगी

इसका मतलब है कि हल्दीराम का जो कारोबार नागपुर और दिल्ली में अलग-अलग चल रहा था, वो अब एक हो जाएगा। सिंगापुर की प्राइवेट इक्विटी फर्म टेमासेक अब हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने वाली है। लगभग दस वर्षों से कई बड़ी कंपनियां हल्दीराम में दिलचस्पी दिखा रही थीं। टेमासेक, हल्दीराम में 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। इससे हल्दीराम का वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंका गया है। हल्दीराम के मालिक, अग्रवाल परिवार अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी टेमासेक होल्डिंग्स को बेचेंगे। टेमासेक होल्डिंग्स सिंगापुर सरकार की इन्वेस्टमेंट कंपनी है।

**कंपनी भुजिया और पारंपरिक स्नैक्स बनाती है**

#### विलय के बाद बनेगी नई कंपनी

यह डील हल्दीराम के परिवार के लिए एक खुशी का मौका लेकर आई है। नागपुर स्थित हल्दीराम फूड्स और दिल्ली स्थित हल्दीराम स्नैक्स अब एक होने जा रहे हैं। अग्रवाल परिवार की दो शाखाएं इन कंपनियों को चलाती हैं। दोनों कंपनियों के विलय की सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही इसका औपचारिक ऐलान किया जाएगा। इसके बाद एक नई कंपनी बनेगी, जिसका नाम हल्दीराम फूड्स एंड स्नैक्स होगा। इस कंपनी में नमकीन, मिठाई, रिटेल स्टोर और खाने-पीने की चीजें शामिल होंगी।




#### आईपीओ का रास्ता साफ!

कंपनी में बदलाव की वजह से अब आईपीओ भी आ सकता है। यानी कंपनी पहली बार अपने शेयर आम लोगों को बेचेगी। डील से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हिस्सेदारी बेचने की घोषणा जल्द ही हो सकती है। टेमासेक के साथ 9 प्रतिशत हिस्सेदारी की डील लगभग फाइनल हो चुकी है। इसके अलावा, कंपनी 5 प्रतिशत और हिस्सेदारी बेचने पर भी विचार कर रही है।

*वैल्यूएशन 84 हजार करोड़ आंकी गई : हल्दीराम की प्रोडक्ट लिस्ट में नमकीन, मिठाई, दुकानें और रेस्टोरेंट शामिल हैं। कंपनी दुनिया भर में बसे भारतीयों को सामान एक्सपोर्ट करती है। ब्रांड की पहुंच, गुडविल और ग्रोथ पोटेंशियल को देखते हुए कंपनी का वैल्यूएशन 84,000 करोड़ रुपए आंकी गई है।*

#### लंबे समय से चल रही थी कोशिश

अग्रवाल परिवार हल्दीराम ब्रांड को और मजबूत करना चाहता है। इसलिए वे काफी समय से कंपनी को एक करने की कोशिश कर रहे थे। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने विलय की योजना को मंजूरी दे दी है। इससे एक नई कंपनी बनाने का रास्ता साफ हो गया है।

### उत्पादन लागत बढ़ने व परिचालन खर्च बढ़ने से कीमतों में वृद्धि

# अप्रैल से महंगा होगा कार खरीदना कंपनियों ने की दाम बढ़ाने की घोषणा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*अगले महीने यानी अप्रैल से ज्यादातर कंपनियों की कारें महंगी होने वाली हैं। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और परिचालन खर्च बढ़ने के बीच दिग्गज कंपनियों...मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई और अन्य ने अगले महीने से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है।*

देश में यात्री कार खंड की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अगले महीने से अपने सभी मॉडल के दाम चार प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारतीय बाजार में प्रवेश स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर बहुउद्देश्यीय वाहन इनविक्टो तक विभिन्न मॉडल बेचती है। इनकी कीमत क्रमशः 4.23 लाख रुपये से 29.22 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) तक है।

#### टाटा इस साल दूसरी बार बढ़ा रही दाम

मारुति की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हुंडई मोटर इंडिया ने कहा कि वह कच्चे माल और परिचालन लागत में वृद्धि के कारण अप्रैल, 2025 से अपनी कारों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। इसी तरह, टाटा मोटर्स अप्रैल से अपने इलेक्ट्रिक वाहन सहित सभी यात्री वाहनों के दाम बढ़ाने जा रही है। टाटा मोटर्स इस साल दूसरी बार अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है।

#### कारों में नए-नए फीचर जोड़े जा रहे

इसके अलावा कारों में नियमित रूप से नए 'फीचर' जोड़े जा रहे हैं। इस वजह से भी कंपनियों को अपनी कारों के दाम बढ़ाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) जानते हैं कि प्रवेश स्तर का खंड मूल्य की दृष्टि से संवेदनशील होता है। ऐसे में वे इस खंड में दाम बढ़ाते समय सतर्कता बरतते हैं।



#### रुपए में तीन फीसदी की गिरावट आई

पिछले छह महीनों में, रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे आयात पर अधिक निर्भर क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन की लागत पर असर पड़ता है। महाजन ने कहा, ''अन्य कारणों में प्रवेश स्तर के वाहनों की मांग में कमी से भी वाहन कंपनियां प्रभावित हुई हैं। खासकर पहली बार के खरीदारों और ग्रामीण ग्राहकों से प्रवेश स्तर के वाहनों की मांग में कमी आई है, जिससे वाहन कंपनियों के मार्जिन पर दबाव पड़ रहा है।

- मारुति अपने सभी वाहनों के दाम चार फीसदी बढ़ा रही
- मारुति की प्रमुख प्रतिद्वंदी हुंडई तीन फीसदी बढ़ा रही दाम
- टाटा भी अपने ईवी वाहनों सहित सब वाहनों के दाम बढ़ा रहा

#### महिंद्रा करेगी तीन फीसदी बढ़ोतरी

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा है कि वह अप्रैल से अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। किआ इंडिया, होंडा कार्स इंडिया, रेनो इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भी अगले महीने से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

#### साल में दो बार बढ़ाते है कीमतें

डेलॉयट के भागीदार और वाहन क्षेत्र के लीडर रजत महाजन ने कहा कि भारत में कार विनिर्माता आमतौर पर दो बार कीमतों में बढ़ोतरी करते हैं। एक कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में और दूसरा वित्त वर्ष की शुरुआत में। उन्होंने कहा, ''बढ़ोतरी की सीमा अलग-अलग हो सकती है, यह मुद्रा में उतार-चढ़ाव से संबंधित हो सकता है, जहां हमें समान उत्पाद, वस्तु या कलपुर्जा आयात करने के लिए अधिक खर्च करने की आवश्यकता होती है।''

# भारत के गोली सोडा की अमेरिका व यूरोप में मांग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के पारंपरिक पेय 'गोली सोडा' की अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देशों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग है। गोली सोडा को कंचे वाली बोतल भी कहा जाता है।

- भारत ने खाड़ी क्षेत्र के लुलु हाइपर मार्केट को गोली सोडा की आपूर्ति शुरू

इसे लेकर उपभोक्ताओं की जोरदार प्रतिक्रिया मिल रही है, जो रणनीतिक विस्तार और नवोन्मेषण से प्रेरित है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने कहा कि फेयर एक्सपोर्ट्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के तहत, भारत ने खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं में एक लुलु हाइपरमार्केट को गोली सोडा की आपूर्ति शुरू की है। इसकी गोली पॉप सोडा के रूप में फिर से ब्रांडिंग की गई है। बयान में कहा गया कि एक समय बेहद लोकप्रिय पेय नवाचार और रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय विस्तार से वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय वापसी कर रहा है। इसके मुताबिक, उत्पाद ने पहले ही वैश्विक बाजारों में मजबूत पैठ बना ली है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देश शामिल हैं।

#### ट्रेंडी उत्पाद के रूप में स्थापित

बहुराष्ट्रीय पेय कंपनियों के वर्चस्व के कारण गोली सोडा की मांग लगभग खत्म हो गई थी। बयान में कहा गया कि गोली पॉप सोडा को इसकी अनोखी पैकिंग अलग बनाती है। इस फिर से ब्रांडिंग ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों को आकर्षित किया है, जिससे पेय एक रोमांचक और ट्रेंडी उत्पाद के रूप में स्थापित हुआ है।

# एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 1794 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बिकवाली दबाव में अब कमी देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर चिंताएं कम होने तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में कमी की उम्मीद के बीच एफपीआई ने पिछले सप्ताह शुद्ध रूप से 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं।

हालांकि, एफपीआई का रुख कुछ सकारात्मक होने के बावजूद यह उनकी बिकवाली का लगातार 15वां सप्ताह रहा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''आगे चलकर एफपीआई का सतर्क रुख कायम रहेगा। वे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर रुख, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, आर्थिक परिदृश्य पर कुछ स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी तुलना में छुट्टियों के कारण कम अवधि वाले पिछले सप्ताह में उनकी निकासी 60.4 करोड़ डॉलर रही थी। पिछले सप्ताह, एफपीआई ने दो मौकों पर शुद्ध खरीदारी की।




- बिकवाली दबाव में अब कमी देखी जा रही
- वैश्विक स्तर पर चिंताएं कम होने से उम्मीद बढ़ी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, '' एफपीआई की बिकवाली में हालिया उलटफेर ने बाजार की धारणा को बेहतर बनाया है, जिससे 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में बाजार में तेजी आई।''

#### मार्च में बाजार में डाले 10,955 करोड़ रुपए

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, 2025 के लिए कुल एफपीआई निकासी अब 1.44 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। हालांकि, मार्च में उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 10,955 करोड़ रुपये डाले हैं।

# विदेशी निवेशकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक रुझान, शुल्क से जुड़े घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पिछले सप्ताह बाजार में जोरदार उछाल आया और बेंचमार्क सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक चढ़ गए।



- शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, वैश्विक रुख की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

एक विशेषज्ञ ने कहा कि निवेशकों की धारणा में सुधार, विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों से बाजार में यह तेजी आई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, हमें उम्मीद है कि आकर्षक मूल्यांकन और आर्थिक पुनरुद्धार के संकेतों के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में लौटने के कारण यह तेजी जारी रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि निवेशकों की निगाह डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख और वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख आर्थिक घटनाक्रम नहीं होने की वजह से सभी का ध्यान मार्च के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और एफआईआई की गतिविधियों पर रहेगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजारों पर सभी की निगाह रहेगी।

*बाजार में निवेश प्रवाह लौट रहा*
*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार ने लगातार सुधार के साथ सप्ताह का समापन किया है। जोखिम-मुक्त दरों में प्रत्याशित कमी, डॉलर सूचकांक में सुधार की वजह से उभरते बाजारों में निवेश प्रवाह लौट रहा है।*

### कंपनियों के ट्रेड्स मंच में पंजीकरण कराने में तेजी

**नई दिल्ली।** व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (ट्रेड्स) मंच पर पंजीकरण कराने के लिए अंतिम तारीख नजदीक आने के साथ ही 250 करोड़ रुपये के कारोबार वाली कंपनियों के पंजीकरण में तेजी आई है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम मंत्रालय ने ट्रेड्स मंच पर पंजीकरण कराने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की है। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 250 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली सभी कंपनियों के साथ ही एमएसएमई से खरीद में शामिल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को 31 मार्च, 2025 तक ट्रेड्स मंच पर पंजीकरण कराना आवश्यक है।फिलहाल, सभी सीपीएसई और 500 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के लिए ट्रेड्स मंच पर खुद को शामिल करना अनिवार्य है।

# शहरों में घरों की बिक्री घटने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऊंची कीमतों और आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता की वजह से चालू कैलेंडर साल की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में देश के नौ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 23 प्रतिशत घटकर 1.06 लाख इकाई रहने का अनुमान है।



- जनवरी-मार्च में 23 फीसदी घटकर 1.06 लाख इकाई रहेगी

रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। चालू कैलेंडर साल की पहली तिमाही में घरों की बिक्री पिछले साल की इसी अवधि के 1,36,702 इकाई से घटकर 1,05,791 इकाई रहने का अनुमान है। नौ प्रमुख शहरों में केवल दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इस तिमाही में बिक्री में वृद्धि देखने को मिल सकती है। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर जसूजा ने कहा, ''आवास बाजार में तीन साल की रिकॉर्ड आपूर्ति के बाद कुछ 'करेक्शन' देखने को मिल रहा है, जिसके कारण बिक्री में भी गिरावट का रुख है। चालू तिमाही में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति 34 प्रतिशत घटकर 80,774 इकाई रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,22,365 इकाई थी।

### ओएनजीसी कतर से इथेन आयात करेगा




**नई दिल्ली।** ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने कतर से मिलने वाली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की संरचना में बदलाव की भरपाई के लिए 2028 के मध्य से इथेन का आयात करने की योजना बनाई है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने इस संबंध में एक निविदा जारी की है। भारत कतर से प्रति वर्ष 75 लाख टन एलएनजी आयात करता है।

इस सौदे के तहत, कतर एनर्जी प्रति वर्ष 50 लाख टन एलएनजी की आपूर्ति करती है, जिसमें मीथेन के साथ ही ईथेन और प्रोपेन शामिल हैं। मीथेन का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक बनाने, सीएनजी में बदलने या खाना पकाने के ईंधन के रूप में किया जाता है। यह अनुबंध 2028 में खत्म हो रहा है। ओएनजीसी ने गुजरात के दाहेज में सी2 (ईथेन) और सी3 (प्रोपेन) निकालने का संयंत्र स्थापित करने में लगभग 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए।

### कंपनी ने बेंगलुरू स्थित अपने टेक्नोलॉजी सेंटर में की छंटनी

# बोइंग ने भारत में 180 कर्मियों को दिखाया बाहर का रास्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयरक्राफ्ट बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बेंगलुरू में अपने इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर से 180 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। कंपनी दुनिया भर के अपने ऑफिसेज में कर्मचारियों की संख्या कम कर रही है। भारत में बोइंग के लगभग 7,000 कर्मचारी हैं।

- भारत में बोइंग के लगभग 7000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है

बेंगलुरु और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) जटिल आधुनिक वैमानिकी कामकाज करता है। बेंगलुरु का इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी परिसर अमेरिका के बाहर कंपनी के सबसे बड़े निवेश में से है। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारत में बोइंग 300 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से सालाना करीब 1.25 अरब डॉलर की खरीद करती है।




#### भारत में अधिक संतुलित तरीके से छंटनी

कंपनी ने कहा कि कुछ पुराने रोल खत्म किए जाने के साथ कुछ नए रोल भी क्रिएट किए गए हैं। भारत में ग्राहक सेवा, सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर फोकस रखते हुए कंपनी ने छंटनी अधिक संतुलित तरीके से की है। बता दें कि बेंगलुरु और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में एडवांस्ड एयरोस्पेस बनाने का काम होता है।

#### भारी कर्ज के जाल में फंसी कंपनी

बताया जा रहा है कि वर्तमान समय में बोइंग वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रही है। कंपनी ने पिछले साल अपने वर्कफोर्स में 10 प्रतिशत कटौती की बात की थी। हालांकि, हाल ही में हुई छंटनी को लेकर कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि कंपनी के स्ट्रैटेजिक एडजस्टमेंट के तहत कुछ पद प्रभावित जरूर हुए हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसका ग्राहकों या सरकारी परिचालन में कोई असर न पड़े।

#### बोइंग को मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोइंग को अमेरिकी वायुसेना का अब तक का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। इसके चलते कंपनी के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेंस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी वायु सेना के लिए बनाए जाने वाले छठी पीढ़ी के इस फाइटर जेट को एफ-47 के नाम से जाना जाएगा, जो पांचवी पीढ़ी के एफ-22 रैप्टर की जगह लेगा।

### सेंसेक्स की शीर्ष नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,06,243.74 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,076.6 अंक या 4.16 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 953.2 अंक या 4.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 64,426.27 करोड़ रुपये बढ़कर 9,47,628.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

चिंतन

# न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखना जरूरी

भारतीय न्यायपालिका की साख एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। देश के आवाम को अपनी मुद्रा और न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास के एक हिस्से में आगलगी घटना के दौरान कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट (रुपये) मिलने से यह भरोसा टूटता नजर आ रहा है। हाल में दुष्कर्म से संबंधित जजों की टिप्पणियां भी जनमानस के विपरीत आई हैं। कथित नकदी मिलने के आरोप से फिलहाल जस्टिस वर्मा के यश को चोट पहुंची है। जज के आवास परिसर से नकदी का मामला बेहद गंभीर है, अधजले नोटों के वीडियो व तस्वीर सामने आए हैं, इसलिए इसकी ईमानदारी से जांच होनी चाहिए व सच सामने आना चाहिए। जस्टिस यशवंत वर्मा ने नकदी उनकी होने के आरोपों से इनकार किया है। घटना 14 मार्च होली की रात 11.35 बजे की है, जब जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के एक हिस्से में आग लग गई, जिसे बुझाने दिल्ली अग्निशमन विभाग के दमकलकर्मी पहुंचे। उस दौरान दमकल कर्मियों को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट मिले। यूं तो अग्निशमन विभाग की ओर से जारी बयान में नकदी का जिक्र नहीं है, पर वीडियो में अधजले नोट दिखे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीके उपाध्याय को प्रारंभिक पूछताछ करने को कहा था। चीफ़ जस्टिस उपाध्याय ने इस मामले की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है, जिसमें उन्होंने मामले की गहरी जांच की जरूरत की वकालत की है। चीफ जस्टिस ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है, जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है। आरोप के कटघरे में खड़े जस्टिस यशवंत वर्मा ने भी अपनी सफाई दी है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि स्टोर रूम में उन्होंने या उनके परिवार वालों ने कभी कैश नहीं रखा, उनके ख़िलाफ़ साज़िश रची जा रही है, जिसे शीर्ष कोर्ट ने सार्वजनिक किया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं। इनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की है। साथ ही, दिल्ली पुलिस से जस्टिस वर्मा के पिछले 6 महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे हैं और जस्टिस यशवंत वर्मा को अपने फ़ोन से कोई भी डेटा हटाने से मना किया है। कमिटी में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की चीफ़ जस्टिस जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। वर्ष 1999 में सुप्रीम कोर्ट में 'इन-हाउस' कमिटी की प्रक्रिया का गठन किया गया था। उसमें कहा गया था कि 3 जजों की कमिटी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज के ख़िलाफ़ शिकायत की जांच करेगी। देश की नजरें इस कमिटी पर होंगी। न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखने व जस्टिस वर्मा के भविष्य के लिए कमिटी की जांच व उसकी रिपोर्ट अहम है। सुप्रीम कोर्ट के कई चीफ जस्टिस अतीत में सार्वजनिक रूप से देश में इंसाफ की लचर स्थिति पर चिंता प्रकट कर चुके हैं। आमजन के लिए इंसाफ आज भी एक सपना ही है। चूंकि जजों को उनके न्यायिक कार्यों के लिए इम्युनिटी मिलती है, इसलिए आज राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

# ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है?

औरंगजेब यानी अबुल मुजफ्फर मुहिउद्दीन मोहम्मद मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में उसकी कब्र को उखाड़ फेंकने और उसकी पचास साल की हुकूमत को बेहतरीन बताने वालों के बीच चर्चा जोरों पर है। इतिहास के मुताबिक औरंगज़ेब ने 17वीं सदी में करीब पचास सालों तक भारत में शासन किया। उसके शासन में भारतीय समाज का वह वर्ग खुश था जो उनके शरिया वाली नीतियों को मानने वाले थे। लेकिन दूसरा वर्ग जो हिन्दुओं का था, वह उसकी भेदभाव, जुल्म, अन्याय और शोषण का पचास सालों तक शिकार रहा। इतिहाकारों के मुताबिक वह दोहरी नीति पर इसलिए चल रहा था कि जिससे उसका वह मकसद पूरा हो जाए कि ज्यादातर हिन्दू उसकी क्रूर नीतियों, बर्बताओं और पाशविक बर्बताओं से तंगकर या डर कर उसके मजहब के हिस्सा बन जाएं। अपने साम्राज्य को बढ़ाने के लिए उसने वे नीतियां अपनाईं जो गैरइंसानी थी।

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है? इतिहास में दर्ज उसके कार्यों, हिन्दुओं से बर्बर बर्ताव, उसकी नृशंस हिन्दू विरोधी नीतियों, मंदिरों को तोड़कर उनके ऊपर मस्जिद बनवाने और हिन्दुओं पर ही आपत्तिकारी टैक्स जबरन लगाने जैसे तमाम राजकीय फरमानों और उसकी गैर इंसानी कवायदें क्या यह नहीं बताती कि वह किसी भी कौम के लिए आदर या सम्मान का पात्र नहीं हो सकता है? जो लोग उसे अपना आदर्श या आइकॉन इसलिए बता रहे हैं कि उसने एक सच्चे मजहबी मुस्लिम की तरह शासन किया, सरिया कूानन बेधड़क लागू कर गैर हिन्दुओं के लिए तरह-तरह की समस्याएं पैदा की, उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। चर्चा यहीं नहीं रुकती है बल्कि ऐसे तमाम विवादित मुद्दों व औरंगजेब की प्रासंगिकता को लेकर कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया। हिन्दुओं के पर्व-त्योहारों पर सख्ती के साथ रोक लगा दी। उसने युद्धबंदियों, राजनीतिक कैदियों और किसी भी ऐसे व्यक्ति को यातना देने और मारने में संकोच नहीं किया जिसे गैर-इस्लामी मानता था। अपनी बेटी जेबुन्निसा को 20 साल तक कैद में रखा। गुरु तेग बहादुर का बर्बरता से सिर कलम करवा दिया और अपने अब्बाजान को कैद में रख अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। ये उसकी जिंदगी के कुछ सच हैं जो हम इतिहास में पढ़ते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह तो चार सदी पहले मरा था, अब उसके बारे में विवाद या उसके हर कवायद का विरोध या खैरमकदम करने का औचित्य क्या है? इसके लिए हमें इतिहास खगालने की जरूरत है। इतिहासकारों के मुताबिक वह नेकदिल इंसान कतई



नहीं था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार मानते हैं कि वह एक बेहद कट्टरवादी मुस्लिम बादशाह था जो अपनी भेदभावपूर्ण नीतियों की वजह से प्रजा को कभी खुश नहीं कर पाया। जबकि इतिहासकार शिब्ली नोमानी का मानना है कि उसके फैसले राजनीतिक हुआ करते थे।

औरंगजेब के नाम पर देशभर में सड़कें, मकबरे और इमारतें हैं। आजादी के बाद विदेशी शासकों के शासन और उनके कार्यों का बखान मीडिया के जरिए ही नहीं बल्कि किताबें लिखकर भी किया गया। लेकिन भारतीय हिन्दू राजाओं के प्रजा के हित और किए गए ऐतिहासिक कार्यों को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। केंद्र की नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद इतिहास की इस भेदभावपूर्ण नीति की जगह निष्पक्ष मूल्यांकन के जरिए कई ऐसे विवादित विषयों, मुद्दों और कार्यों को गम्भीरता से समझा ही नहीं गया बल्कि उस सच को भी आगे किया गया जो जानबूझ कर दबाए गये थे।

दरअसल, औरंगजेब पर विवाद इसलिए गहराया कि जो पक्ष इसकी हुकूमत को गैरइंसानी मान रहा है जिसमें इतिहास की सच्चाइयां भी शामिल हैं, उसे किसी भी जगह भारत में तवज्जो देने के खिलाफ है? हमें क्या यह गौर नहीं करना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां क्रूर हुकूमतदारों की हुकूमतों को क्यों पढ़े? उससे उन्हें क्या हासिल होगा? मुगलिया सल्तनत ने भारत पर छह सदी तक हुकूमत की। इनमें कई ऐसे बादशाह हुए जिसे इतिहास के पन्नों में बर्बर शासक का काल, तो कुछ को नेकदिल इंसान लिखा गया है। इन्हीं बर्बर बादशाहों में औरंगजेब भी एक था। सोशल मीडिया में सवाल यह उठाया जा रहा है कि औरंगजेब किसी कौम के लिए आदर और सम्मान का पात्र क्यों माना जाना चाहिए? यदि संभाजी नगर में बनी उसकी मज़ार को हटाने की मांग हिन्दू संगठन कर रहे हैं तो उसमें गलत क्या है? यदि भाजपा भारत को एक आदर्श देश के रूप में निर्मित करना चाहती है तो ऐसे मुद्दों को सलीके से हल करने की जरूरत है या आंदोलन के जरिए?

भाजपा का मानना रहा है कि वह भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की पार्टी है। पिछले दस सालों में उसकी नीतियां इस बात की गवाह भी हैं कि उसने जो नीतियां जनता के हित में लागू कीं वे सभी बगैर किसी भेदभाव के लागू कीं। इसलिए यदि औरंगजेब के बचाव के नाम पर औरंगजेब को एक नेकदिल इंसान साबित करने और उसके पक्ष में नारे लगाने जैसी कवायदें की जाती हैं तो इसे क्या इंसानियत को तार-तार करने वाले बादशाह को क्लिनचिट देने जैसा नहीं है? दरअसल, औरंगज़ेब के बहाने इतिहास की पड़ताल पहली बार की जा रही है। इसमें किसी को साम्प्रायिकता ढूंढने की जरूरत क्यों पड़ रही है? फिर यह सवाल आज भी मौजूं है कि यदि अकबर महान है तो महाराणा प्रताप महान क्यों नहीं? जो इसी भारत की माटी के लाल और स्वाभिमानी राजा थे। बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह से एक-एक कर बर्बर हुकूमतदारों के हुकूमतों की पड़ताल नये सिरे से की रही है, क्या उसे किसी खास कौम के हुकूमतदार होने की वजह से उनके पक्ष में बचाव के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देना चाहिए? या खिलाफत इस कदर होनी चाहिए जिससे यह विश्व मीडिया में सबसे विवाद या फसाद का मुद्दा बन जाए जो देश की अस्मिता या केंद्र की शासन व्यवस्था की सर्वहितकारी नीतियों पर ही सवाल उठने लगे? मेरा मानना है कि मज़ार, कब्र, मकबरे या इस तरह की जितनी भी जगहें हैं और जो किसी खास व्यक्ति से जुड़ी हैं तो उस पर राजनीति न होकर या चर्चा का विषय न बनाकर उसे कानून के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। यदि अयोध्या, 370 जैसे मामले कानून के जरिए हल किये जा सकते हैं तो औरंगजेब या दूसरे इतिहास के बदनाम शख्सियतों पर उठने वाले सवाल भी हल किये जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक और संस्कृतिकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती

वर्ष-2030 तक भारत को संपूर्ण रूप से टीबी की बीमारी से मुक्ति का प्रण लिया गया है। उस निर्धारित अवधि में अभी 6 वर्ष शेष हैं। अभियान फिलहाल जिस अंदाज से जारी है, उससे प्रतीत होता है कि लक्ष्य आसानी से पूरा नहीं होगा। तत्कालीन हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मावडिया ने पिछले साल 2024 को आज ही के दिन अभियान से जुड़े चिकित्सकों को एक टारगेट सौंपा था जिसकी समीक्षा उन्हें 2025 को विश्व टीवी दिवस पर करनी थी। फिलहाल उनकी जगह चिकित्सकों से वह रिपोर्ट मौजूदा हेल्थ मिनिस्टर जेपी नड्डा लेंगे। भारत में 'राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण' कार्यक्रम की शुरुआत साल 1962 में हुई थी, लेकिन कोशिशें कछुए की चाल जैसी आगे बढ़ीं। इसी कारण 1985 के बाद भारत में तपेदिक जैसी बीमारियों की बाढ़ आई। मुकम्मल तौर पर बीमारी पर नियंत्रण पाना सन 2001 से आरंभ हुआ था, जो 2010 तक कुछ सफलता मिली। वैश्विक जागरूकता के लिए ही टीबी दिवस सालाना 24 मार्च को मनाया जाता है। इस रोग को चिन्हित सबसे पहले वैश्विक स्तर पर सन 1882 में किया गया। चिकित्सकों की रिसर्च ने टीबी के जीवाणु उसी दरम्यान खोजे थे। हालांकि, तब ये रोग आज की तरह जानलेवा नहीं आंका गया था। धीरे-धीरे टीबी की बीमारी ने चिकित्सकों की रिपोर्ट को भी पीछे छोड़ा और अचानक से घातक हुई। सन 1980 और 2000 का दौर टीबी बीमारी के नाम था। तब भारत में 26 लाख और पूरे विश्व में 1 करोड़ 80 लाख के आसपास लोगों की मौते हुईं थीं। इस आंकड़े ने संसार में कोहराम मचाया था। एक समय ऐसा था जब भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले टीबी सर्वाधिक थी। लेकिन प्रशंसा करनी होगी पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय हुकूमतों की जिन्होंने समय रहते इस टीबी पर पार पाया।

सालाना केंद्रीय बजट में 'टीबी मुक्त अभियान' के लिए मोटा बजट आवंटन किया जाता है। क्योंकि भारत में पोलियो के बाद दूसरी बड़ी बीमारी टीबी ही रही। डब्ल्यूएचओं के मुताबिक टीबी की चपेट में सालाना पांच लाख अकाल मौतें होती हैं। सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीमारी से लड़ने के लिए सरकारी कोशिशों के अलावा जन सहयोग की अति आवश्यकता है। हमारे यहां टीबी के संबंध में वही पुरानी उक्ति 'परहेज इलाज से बेहतर है' चरितार्थ होती है क्योंकि टीबी के संक्रमण का प्रभाव हर आदमी पर नहीं पड़ता, यानी जिनकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर है, वही टीबी की चपेट में आता है। शायद यही वजह है कि कुपोषण तथा पोषण तत्वों की कमी की वजह से गरीब और ग्रामीण आबादी टीबी से अधिक प्रभावित होती है। टीबी को लेकर सतर्कता इसलिए जरूरी है क्योंकि ये एक संक्रामक रोग है, जो बीमारी घेरने से पहले आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी दूषित खानपान, प्रदूषण और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर फैलती है। यह न केवल फेफड़ों, बल्कि शरीर के दूसरे हिस्से जैसे किडनी व दिमाग पर भी हमला करती है। इस पर काबू पाने के लिए पोलियो जैसी लड़ाई लड़नी ही होगी, वरना ये बीमारी यूं ही मुंह खोले खड़ी रहेगी। सामाजिक स्तर पर जनमानस को भी चेतना होगा। टीबी होने पर वैध-हकीमों के पास जाने के बजाय अस्पतालों में उपयुक्त इलाज कराएं। मौजूदा वक्त में प्रत्येक अस्पतालों में टीबी के लिए डॉट्स की व्यवस्था सुगम है। टीबी किसी को भी, किसी उम्र में हो सकती है। लेकिन समय पर ईलाज अगर हो, तो ये बीमारी शरीर का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। टीबी से बचा कैसे जाए और इसका संक्रामक कितना घातक है, उसे बताने और समझाने के लिए ही 'विश्व टीबी दिवस' को आयोजित किया जाता है, ताकि इससे लोग विनाशकारी स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभाव के संबंध में जागरूक हो सकें। टीबी का मुख्य कारण तपेदिक माइकोबैक्टीरियम है जो कि एक छोटा, एरोबिक, चलने में अक्षम दण्डाणु है। वैसे, इस रोगजनक की उच्च लिपिड सामग्री उसकी अपनी अनूठी नैदानिक विशेषताओं के लिए ही जिम्मेदार है। भारत में राष्ट्रीय क्षय रोग संस्थान बेंगलुरु में है और 'राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान' चेन्नई में है जहां रोजाना टीबी पर नई-नई रिसर्च होती हैं। इस बीमारी के आंकड़े निश्चित रूप से अभी भी डरावने हैं। भारत 2023 और 2024 के बीच 25.5 लाख टीबी रोगियों और 26.07 लाख मामलों को अधिसूचित करने में सक्षम रहा, जो अब तक का सर्वाधिक है। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट-2024 में भारत में टीबी की घटना दर 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से 2023 में प्रति लाख जनसंख्या पर 195 तक 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। केंद्र सरकार 2030 तक भारत को टीबी से मुक्त करे, जिसकी उम्मीद सभी लगाए बैठे हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### भूजल का अंधाधुंध दोहन प्यासे भविष्य का संकेत

22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन स्वच्छ, पीने के पानी के संरक्षण, उसके महत्व और उसके न्यायोचित उपयोग के प्रति जन जागरूकता का संदेश देता है। स्वच्छ जल आपूर्ति किसी भी देश की स्वस्थ अर्थव्यवस्था का आधार होती है। एक अनुमान के अनुसार सूखे और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के उपचार और प्रबंधन पर हमारे देश को प्रतिवर्ष 42 अरब रुपए खर्च करने पड़ते हैं। भारत की कुल जनसंख्या की आधे से भी कम आबादी को ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। भारत के लगभग 718 जिलों के अधिकांश भाग पानी की कमी की त्रासदी झेल रहे हैं। भूजल पीने का पानी उपलब्ध करवाने वाला एक मुख्य स्त्रोत है। भारत को भूजल का दुनिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता माना जाता है। *– प्रदीप जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिठूर महोत्सव

प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक, वीर शिरोमणि नानाजी राव पेशवा को समर्पित 'बिठूर महोत्सव 2025' के प्रतिभागी कलाकारों को कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। नानाजी राव पेशवा की पावन स्मृतियों को नमन।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### खीर सेरेमनी

27 साल बाद दिल्ली में बनी भाजपा सरकार का पहला बजट आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में रहेगा। यह बजट दिल्ली के विकास और खीर की मिठास जैसा होगा। हम इसे खास 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू करेंगे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### जयंती पर नमन

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने गोवावासियों को पुर्तगाली उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गोवा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनका स्मरण करते हैं।
-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा



### हर भारतीय को प्रेरणा

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर उनको शत-शत नमन। देश की आज़ादी के लिए इन महान देशभक्तों का जज़्बा और अमर शहादत हर भारतीय को प्रेरणा देती रहेगी।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



## करंट अफेयर

### तालिबान के तीन नेताओं पर घोषित इनाम वापस

अमेरिका ने तीन प्रमुख तालिबान नेताओं के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिये हैं। इनमें अफगानिस्तान के गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी भी शामिल हैं, जो एक शक्तिशाली नेटवर्क (हक्कानी नेटवर्क) के प्रमुख हैं, जिसपर पश्चिम समर्थित पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ हमले का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिराजुद्दीन हक्कानी का नाम अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' पर नहीं दिख रहा है। हक्कानी ने जनवरी 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने की बात स्वीकार की थी। इस हमले में अमेरिकी नागरिक थॉर डेविड हेलेसा समेत छह लोग मारे गए थे।



हालांकि, एफबीआई की वेबसाइट पर वांछित के तौर पर हक्कानी का पोस्टर अब भी मौजूद है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी और याह्या हक्कानी के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिया है। कानी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, ये तीन व्यक्ति (हक्कानी बंधु) दो भाई और एक चचेरे भाई हैं।

## ऑफ बीट

### अनिद्रा से हो सकती हैं हृदय संबंधी समस्याएं

रात में लगभग सात से आठ घंटे की नींद लेने वाले व्यस्कों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य आमतौर पर सबसे अच्छा होता है



और ज्यादा समय तक जीते हैं। लेकिन उम्र के साथ ये सुझाव थोड़े बदल जाते हैं। जिन व्यस्कों की उम्र 65 वर्ष से अधिक उनके लिए रात में केवल छह से सात घंटे की नींद भी काफी हो सकती है। इसलिए, अगर कोई बुजुर्ग स्वस्थ हैं तो उन्हें इस बात पर चिंतित नहीं होना चाहिए कि वे केवल छह घंटे की नींद ले पा रहे हैं। युवाओं को सबसे अधिक कम से कम नौ घंटे की नींद की आवश्यकता होती है और कुछ छोटे बच्चों को इससे भी अधिक की जरूरत हो सकती है। किशोरों और वयस्कों दोनों में, हमने पाया कि अनिद्रा और कम नींद के कारण तनाव, हार्मोन का स्तर और सूजन जैसी समस्याएं हो सकते हैं। आमतौर पर इस तरह के लक्षण हृदय रोग से पहले दिखाई देते हैं। कैफीन और शराब का कम सेवन, धूम्रपान न करना, नियमित रूप से व्यायाम, ये ऐसी आदतें हैं जो अच्छी नींद में मदद करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं जो या तो अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं या फिर अपने अजीब हालात के लिए, लेकिन क्या आप ऐसे देश के बारे में जानते हैं जो वीरान होने के लिए जाना जाता है। जी हां, ये बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन ये सच है। मंगोलिया एक ऐसा देश है जो इसलिए जाना जाता है क्योंकि यह एक रेगिस्तानी देश है।

# दुनिया का सबसे सूनसान कोना: चीन और रूस के बीच बसा यह देश है सबसे वीरान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दरअसल, इस देश की जनसंख्या बहुत कम है, इसलिए देश में प्रति वर्ग किलोमीटर दो लोग (प्रति वर्ग मील छह लोग) हैं। उत्तर-मध्य एशिया में स्थित यह विशाल और खूबसूरत देश अपने विशाल भूमि क्षेत्र की तुलना में कम जनसंख्या घनत्व के कारण 99.7 प्रतिशत खाली है।

### मंगोलिया में ये खास है

मंगोलिया का भौगोलिक क्षेत्र बहुत बड़ा और विविध है, जो लगभग 1.56 मिलियन वर्ग किलोमीटर को कवर करता है। यह देश चीन और रूस के बीच स्थित है। इसकी उत्तरी सीमा पर रूस और दक्षिणी सीमा पर चीन है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है, लेकिन साथ ही यह देश अन्य देशों की तुलना में काफी उजाड़ है।



### मुख्य कारण मंगोलिया की जलवायु

दरअसल, इसके पीछे मुख्य कारण मंगोलिया की जलवायु है। देश में भीषण सर्दी के साथ शुष्क और ठंडी जलवायु है। यहां सर्दियों में तापमान -40 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है, जबकि गर्मियों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। मंगोलिया का मौसम आम तौर पर दो मौसमों में विभाजित होता है, गर्मी और सर्दी, और यहाँ वर्षा की मात्रा भी बहुत कम होती है।

### देश की जनसंख्या कितनी है?

मंगोलिया में जनसंख्या घनत्व बहुत कम है। देश की कुल जनसंख्या लगभग 30 लाख है और इसका जनसंख्या घनत्व केवल 2 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। इसका एक बड़ा हिस्सा चरवाहे संस्कृति और खानाबदोश जीवन शैली से संबंधित है। इस देश में बहुत से लोगों की जीवनशैली पारंपरिक है और वे मुख्य रूप से खानाबदोश चरवाहों के रूप में रहते हैं।




### खनन, पशुपालन और कृषि से जीवन यापन

दूसरी ओर, मंगोलिया की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से खनन, पशुपालन और कृषि पर आधारित है। यह देश तांबा, कोयला और सोना जैसे खनिज संसाधनों से समृद्ध है। हालाँकि, देश की अपेक्षाकृत छोटी जनसंख्या और बड़े क्षेत्रफल के कारण इसकी अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में कम विकसित है। बुनियादी ढांचे की कमी और मंगोलिया के दूरदराज के इलाकों की वीरानी इसे यात्रा करने के लिए बहुत कठिन जगह बनाती है।

## रोचक खबरें



### विश्व की सबसे पतली इमारतः इतनी पतली कि आप हैरान रह जाएंगे!

दुनिया में कई अजीब चीजें हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया की सबसे पतली इमारत कहां है और यह इमारत कितनी मोटी है? इमारत इतनी पतली है कि तेज़ हवाओं में हिल जाती है। आज हम आपको दुनिया की सबसे पतली इमारत के बारे में बताएंगे।

विश्व की सबसे पतली इमारतः इतनी पतली कि आप हैरान रह जाएंगे!

**अमेरिका के मैनहट्टन में है स्टीनवे टॉवर :** आपको बता दें कि दुनिया की सबसे पतली इमारत अमेरिका के मैनहट्टन में है। इस इमारत का नाम स्टीनवे टॉवर है, इसकी ऊंचाई 1,428 फीट है। जानकारी के मुताबिक, यह टावर इतना पतला है कि तेज हवाओं में हिलने लगता है। इतना ही नहीं, 2015 में टावर के इंजीनियर रोवन विलियम्स-डेविस ने कहा था कि अगर हवा 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चले, तो यह हिल भी सकता है। हालाँकि, टावर इस तरह से बनाया गया है कि इसके अंदर मौजूद लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलता।

**करीब 9 साल में बनी 84 मंजिला बिल्डिंग :** अब सवाल ये है कि इस टावर में कितनी मंजिलें हैं. जानकारी के मुताबिक इस टावर में कुल 84 मंजिलें हैं. यह टावर करीब 9 साल में बनकर तैयार हुआ है और यह दुनिया के सबसे मजबूत कंक्रीट से बना है। यहां अपार्टमेंट बुक कराने वालों को पिछले साल ही पजेशन दे दिया गया था। कहा जाता है कि इस टावर का इंटीरियर इतना शानदार है कि कोई भी इसकी ओर आकर्षित हो सकता है।

### भूतिया चर्च! यहां आज भी सुनाई देती हैं चीखें... क्रिसमस पर इन चर्च में जाने की न करें भूल

**नई दिल्ली।** यूं तो दुनियाभर में हर जगह पर एक से बढ़कर एक सुंदर और प्राचीन चर्च बने हुई हैं। कुछ ऐसे अद्भुत चर्च हैं जो अपनी खासियत के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। क्या आपको पता है कि दुनिया में कुछ ऐसे 'भूतिया चर्च' भी हैं जहां भूलकर आपको कभी नहीं जाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि यहां आज तक चीखों की आवाज सुनाई देती हैं। आइए जानते हैं देश के कुछ हंटेड चर्च के बारे में।



**थ्री किंग्स चैपल चर्च :** देश की भूतिया या डरवानी चर्च की बात की जाए तो सबसे पहले थ्री किंग्स चैपल चर्च का ही नाम आता है। यह गोवा में है। क्रिसमस के मौके पर दुनिया के हर कोने से पर्यटक गोवा घूमने पहुंचते हैं। अगर आप भी क्रिसमस पर गोवा जा रहे हैं तो इस चर्च में भूलकर भी ना जाएं। इसके बारे में कई डरावनी कहानियां फेमस हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां आज भी भूतों का वास है। लोगों का कहना है कि चर्च में तीन पुर्तगाली राजाओं की मौत हुई थी। ऐसी किवदंती है कि एक राजा ने यहां दो राजाओं को जहर देकर मार डाला था। तीसरे राजा ने इसके बाद आत्महत्या कर ली थी। तभी से उनकी आत्मा चर्च में भटक रही है।

### इस देश में मोटी दुल्हन को माना जाता है बेहद खूबसूरत, पतली लड़कियों को जबरन खिलाते हैं

आजकल हर कोई खूबसूरत, स्लिम और फिट दिखना पसंद करता है। लोग अपने बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए एक्सरसाइज कर पसीना बहाते हैं। इसके साथ ही कई तरह के डाइट को भी लेते हैं। वहीं, आज के इस आधुनिक जमाने में ज्यादातर लड़के भी शादी के लिए पतली और फिट लड़कियों को ही पसंद करते हैं लेकिन दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां की लड़कियां अगर पतली होती हैं, तो उससे कोई शादी नहीं करता। इसलिए वहां की लड़कियों को बचपन से ही ज्यादा खान-पान पर ध्यान दिया जाता है जिससे वे काफी मोटी हो जाएं।



**मोटी लड़कियां घर में समृद्धि लाती हैं :** बता दें, अफ्रीकी देश मॉरिटानिया में लोगों को मोटी लड़कियां पसंद हैं। मॉरिटानिया के पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार इस देश में लड़कियों की दौलत और प्रतिष्ठा बहुत ज्यादा देखी जाती हैं। यही कारण है कि इस देश में परिवार बहुत कम उम्र से ही लड़कियों को खाना खिलाना शुरू कर देते हैं ताकि जब वह बड़ी हो तो उसका वजन अच्छा हो जाए। इस देश के लोगों का ऐसा मानना है कि अगर लड़की मोटी है, तो उसे भी अच्छा पति मिलेगा। इस कारण से परिवार की लड़कियों को खाना खाने के लिए मजबूर होना पड़ता है ताकि वह शादी से पहले मोटी हो जाए। अफ्रीकी देश मॉरिटानिया में इस परंपरा को लैबलोउ कहा जाता है। लड़कियों को बचपन से ही उनका वजन बढ़ाने के लिए दूध, मक्खन और ऐसे पदार्थ दिए जाते हैं जिनमें सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं।

## सफर

किराया जहाज से भी कई गुना ज्यादा!

# ये हैं भारत की सबसे महंगी लग्जरी ट्रेनें, किराया लाखों में

**आज के इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई घूमने का शौकीन होता है। ऐसे में एक जगह से दूसरी जगह यात्रा करने के लिए ज्यादातर लोग रेलगाड़ी में सफर करना ही पसंद करते हैं**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अलग-अलग रेलवे में सफर करने के लिए हमें अलग-अलग टिकटों के दाम देने पड़ते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत की कुछ रेलगाड़ियां ऐसी भी हैं जिनके टिकट का दाम हजारों में नहीं बल्कि लाखों में हैं। इनकी सुविधाएं जानकार आप दंग रह जायेंगे। कुछ ऐसी ही लग्जरी और महंगी ट्रेनें हैं जिनमें बैठने का एक अलग ही अनुभव होता है।

**द गोल्डन चैरियट ट्रेन :** गोल्डन चैरियट एक लग्जरी और महंगी ट्रेन है। यह ट्रेन बेंगलुरु, हम्पी, बादामी, कोच्चि आदि जगहों को होकर जाती है। द गोल्डन चैरियट में सफर करने के लिए एक व्यक्ति का किराया करीब 2 लाख से लेकर 5 लाख रुपये तक लग



### महाराजा एक्सप्रेस ट्रेन

महाराजा एक्सप्रेस भारत के लग्जरी और महंगे ट्रेनों में से एक है, इस रेल में 12 कोचों में एक साथ केवल 88 यात्री बैठ सकते हैं। यह ट्रेन दिल्ली से लेकर राजस्थान तक स्थानों से होकर गुजरती है। इस ट्रेन में 4 दिन और 3 रातों के लिए डीलक्स केबिन का किराया एक व्यक्ति का करीब 2 लाख 80 रु है। यह खासतौर पर ट्रेन अक्टूबर से अप्रैल के बीच में चलती है। महाराजा एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है जिसे भारत की सबसे महंगी ट्रेनों में गिना जाता है।

### पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन

पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन भारत की पहली लग्ज़री ट्रेन है। इसे राजस्थान यात्री विकास निगम और भारतीय रेलवे ने मिलकर शुरू किया था। पैलेस ऑन व्हील्स सितंबर से अप्रैल के बीच चलती है। यह ट्रेन दिल्ली से जयपुर, उदयपुर, जैसलमेर और आगरा जगहों से होकर जाती है। पैलेस ऑन व्हील्स में एक व्यक्ति को 7 दिन की यात्रा करने के लिए 4.8 लाख रुपए का किराया लग सका है।



### द डेक्कन ओडिसी ट्रेन

द डेक्कन ओडिसी ट्रेन भारत के बेहतरीन ट्रेनों में से एक है, यह ट्रेन रत्नागिरी, गोवा, कोल्हापुर, नासिक, कृष्णा जगहों को कवर करते हुए वापस मुंबई आती है। इस ट्रेन को पैलेस ऑन व्हील्स का मॉडल पर तैयार किया गया है। द डेक्कन ओडिसी के डीलक्स केबिन का किराया प्रति व्यक्ति 9 लाख रुपये तक हो सकता है।

### दुनिया के इस देश में दौरा करने आए पर्यटकों को राष्ट्रपति खुद कराते हैं सैर...



आपने देखा या सुना होगा अगर कोई विदेशी पर्यटक भारत आता है तो उसे कई नियमों का पालन करना पड़ता है। हाल ही में भारत ने कनाडा से आने वाले नागरिकों के वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया था। यानी अगर कोई कनाडा का व्यक्ति भारत आना चाहता है तो वो नहीं आ सकता लेकिन अन्य देश के लोग भारत आ सकते हैं। हालांकि उन्हें भारत के राष्ट्रपति से मिलने की इजाजत मिले ये ज़रूरी नहीं है। आज हम आपको एक ऐसे देश के बारे में बताने जा रहे हैं जहां घूमने आए लोगों के लिए राष्ट्रपति स्वयं अपने साथ घुमाते हैं और उनका स्वागत करते हैं।

**पूरे देश में रहते हैं 30 मनुष्य और 4 कुत्ते :** बता दें, केविन बॉघ एक स्व-घोषित राष्ट्र मोलोसिया गणराज्य पर दावा करते हैं. यह अमेरिका में नेवादा के पास स्थित है. जहां 30 मनुष्यों और 4 कुत्तों को मिलाकर कुल 34 प्रजातियां एक छोटे से देश की सीमा में बसती है। इसकी अपनी करेंसी वलोरा भी है। 2.28 एकड़ जमीन में फैले बैंक ऑफ मोलोसिया पूरे सिस्टम को चलाने के लिए चिपके हुए सिक्कों और मुद्रित नोटों का इस्तेमाल किया जाता है।

#### युद्ध लड़ चुका है यह छोटा सा देश

सन 1990 के दशक में, मोलोसिया गणराज्य ने भी पूर्वी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की गई थी। साल 2006 में मोलोसिया गणराज्य एक अन्य अल्पसंख्यक, मुस्ताचेस्टन के साथ युद्ध में था, जिसमें केविन बॉघ ने जीत हासिल की और दंड के रूप में मुस्ताचेस्टन के शासक को जुर्माना देना पड़ा था। साल 2010 में इस छोटे से 'देश' का माइक्रोनेशन के साथ दूसरा युद्ध हुआ। मोलोसिया गणराज्य ने अपना राष्ट्रगान दो बार बदला। अब इसका झंडा नीले, सफेद और हरे रंग के तिरंगे डिजाइन में है।

### ट्विटर का विश्व-प्रसिद्ध चिड़िया वाला लोगो होने वाला है नीलाम, लाखों में लग सकती है कीमत

हम सभी ट्विटर को उसके विश्व प्रसिद्ध लोगो के जरिए पहचानते थे, जो नीले रंग की एक चिड़िया थी। हालांकि, 2022 में अरबपति एलन मस्क ने इस कंपनी को खरीद लिया और इसका नाम एक्स रख दिया। इसके बाद ट्विटर की चिड़िया कही खो-सी गई और लोग उसे भूलने लगे। हालांकि, अब ट्विटर का एक बड़े आकार का लोगो जल्द ही नीलाम होने वाला है। यह लोगो मार्केट स्ट्रीट पर स्थित ट्विटर के पूर्व मुख्यालय पर लगा रहता था।

**कब और कहां हो रही है इसकी नीलामी :** साल 2023 में ट्विटर ने अपने मुख्यालय में इस्तेमाल होने वाला फर्नीचर नीलाम किया था, जो अधिक कीमत पर बिका था। हालांकि, अब आरआर ऑक्शन्स नामक नीलामीघर चिड़िया वाले लोगो की नीलामी का आयोजन करवा रहा है।



#### खुद घर ले जाना होगा लोगो

यह लोगो 2023 में बिकने के बाद दोबारा नीलामी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका कुल आकार 12-फुट और 254 किलोग्राम है, इसीलिए इसे खरीदने वाले व्यक्ति को इसे अपने घर तक ले जाने का खर्चा खुद उठाना होगा। आरआर ऑक्शन्स की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है, ट्विटर का विशाल मूल 'पक्षी लोगो' चिन्ह, जो पहले कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को स्थित कंपनी के मुख्यालय के किनारे लगा रहता था।

### हर 6 महीने में ये आईलैंड बदलता है अपनी राष्ट्रीयता

एक तरफ दुनिया भर में अपनी-अपनी सीमाओं को लेकर अक्सर विवादों की खबरें सामने आती रहती हैं। कहीं लकीरें खींची जा रही हैं तो कहीं युद्ध तक के हालात पैदा हो जाते हैं लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में एक ऐसा द्वीप भी है जो शांति का अनोखा उदाहरण पेश करता है। सबसे रोचक बात ये है कि 364 सालों से हर 6 महीने में ये आईलैंड अपनी राष्ट्रीयता बदलता है। जी हां, आपने सही पढ़ा। यह दुनिया की एक अनोखी मिसाल है जहां दो देशों के बीच इतने लंबे समय से एक ऐसा समझौता चल रहा है। इस समझौते की सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों देशों के बीच इस द्वीप को लेकर कभी कोई युद्ध नहीं हुआ।

#### फीजेंट द्वीप क्यों है इतना खास?

- यह द्वीप दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का प्रतीक है।
- दोनों देशों के बीच सहयोग और समझौते का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- फीजेंट द्वीप हमें सिखाता है कि सीमाएं हमेशा विवाद का कारण नहीं होतीं।



#### फीजेंट द्वीप से जुड़े रोचक तथ्य

हर साल 8 फरवरी को फ्रांस इस द्वीप पर अपना शासन शुरू करता है और 8 अगस्त को स्पेन इसे संभाल लेता है। यह द्वीप काफी छोटा है और इसमें रहने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। फीजेंट द्वीप फ्रांस और स्पेन की सीमा पर स्थित बिदासो नदी के बीच में स्थित है। इस द्वीप पर कोई स्थायी निवासी नहीं है। यहां आने-जाने के लिए विशेष अनुमति की जरूरत होती है। इस द्वीप का इतिहास काफी समृद्ध है और यह दोनों देशों के बीच संबंधों का प्रतीक भी है।

## उपलब्धि

तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी का बिता है बचपन, सालभर यहां श्रद्धालुओं का लगा रहता है तांता

# ये भारत के मशहूर गुरुद्वारे, सदियों पुराना है इनका इतिहास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सदियों पुराने इतिहास से जुड़े भारत गुरुद्वारे विश्वभर में मशहूर हैं। गुरपुरब सहित अन्य दिनों में भी यहां हजारों लोग आते हैं। हम आपको भारत के प्रसिद्ध गुरुद्वारों के इतिहास के बारे में बताने जा रहे हैं जहां एक बार जरूर जाएं। यहां आपको गुरु का आशीर्वाद तो मिलेगा ही साथ ही यहां के नज़ारे देख आपकी यात्रा और भी खूबसूरत हो जाएगी। इन जगहों पर जिस तरह की शांति मिलती है वो आपको और दूसरी किसी जगह पर नहीं मिलेगी।

**गुरुद्वारा हरमिंदर साहिब या गोल्डन टेंपल :** पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल के नाम से मशहूर इस गुरुद्वारे की नींव 1855 में गुरु अर्जन ने रखी थी और 1604 में यहां आदि ग्रंथ रखा गया। 19वीं शताब्दी में महाराजा रंजीत सिंह ने इस गुरुद्वारे पर सोने की परत चढ़ाई ताकि ये कभी खराब ना हो। इस गुरुद्वारे में 4 फ्लोर हैं जिनके बारे में ये कहा जाता है कि ये इस बात का प्रतीक हैं कि यहां हर धर्म के लोगों का स्वागत किया जाता है। गोल्डन टेंपल को स्वर्ण मंदिर और गुरुद्वारा हरमिंदर साहिब भी कहा जाता है।



### गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब की बहुत मान्यता है। ये गुरुद्वारा 7 पहाड़ों के बीच में बना है जहां बर्फीली झील भी है। सिखों का पवित्र तीर्थ धाम श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के बारे में मान्यता है कि यहां श्री गुरु गोबिंद सिंह जो सिखों के 10वें और आखिरी गुरु थे उन्होंने पिछले जीवन में ध्यान साधना की थी और इस तरह उन्हेंने वर्तमान में जीवन लिया।



### गुरुद्वारा बंगला साहिब

भारत की राजधानी दिल्ली में गुरुद्वारा बंगला साहिब है जहां हर साल लाखों श्रद्धालू देश-विदेश से माथा टेकने आते हैं। ये गुरुद्वारा एक समय में जयपुर के महाराजा जयसिंह का बंगला हुआ हुआ करता था। कहा जाता है कि सिखों के आठवें गुरु, गुरु हरकिशन 17वीं 18वीं शताब्दी में दिल्ली आए उस समय चेचक नाम की महामारी से लोगों में हाहाकार मचा हुआ था तब गुरु के आशीर्वाद से उन्हें इस बंगले का जल पिलाया गया जिससे ये बीमारी ठीक होने लगी। तब से अब तक दूर-दूर से लोग ये अमृत रूपी जल चखने आते हैं। मान्यता है कि इस जल को ग्रहण करने से उनके जीवन का हर दर्द दूर हो जाता है।

### गुरुद्वारा श्री मट्टन साहिब

प्रसिद्ध गुरुद्वारा मट्टन साहिब सिखों का पावन तीर्थ स्थल है। ये गुरुद्वारा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित है। कुछ लोग गुरुद्वारा मट्टन को गुरुद्वारा गुरु नानक साहिब भी कहते हैं। इस गुरुद्वारे के इतिहास के बारे में बात करें तो एक बार पंडित ब्रह्म दास को आता देख श्री गुरु नानक साहिब ने उसके अंदर की व्यथा को समझ लिया और उससे बात करने लगे। पंडित ब्रह्म दास खुद को बहुत विद्वान समझता था लेकिन जैसे ही उसने श्री गुरु नानक साहिब की बातें सुनीं वो उनके चरणों में आ गिरा। तभी से मान्यता है कि इस गुरुद्वारे में जो भी भटका हुआ आता है बाबा उसके सही मार्ग दिखाते हैं।

### तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारा

तख्त श्री पटना साहिब गुरुद्वारा ना सिर्फ भारत बल्कि पाकिस्तान में भी बहुत मशहूर है। इसे सिखों के पांच पवित्र तख्तों में से एक माना जाता है। कहते हैं कि इसी गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी का बचपन बिता है। उन्होंने यहीं जन्म लिया और गुरु नानक देव के साथ ही गुरु तेग बहादुर सिंह की कई पवित्र यात्राएं भी यहीं से होकर आगे बढ़ीं। इस गुरुद्वारे में सिर्फ सिख ही नहीं बल्कि हर धर्म के लोग आते हैं और सालभर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। अगर आप भारत के इतिहास को और करीब से समझना चाहते हैं या फिर आपको धर्म के प्रति बहुत आस्था है तो आपको ऐसी जगह घूमने के लिए जरूर जाना चाहिए।

# मीना बाजार हुआ गुलजार

## रमजान शरीफ का पाक महीना अब अंतिम दौर में प्रवेश



जबलपुर।

रमजान शरीफ में मछली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, चारखंबा, बहोराबाग से रजा चौक तक लगने वाला मीना बाजार अब गुलजार हो गया है। रमजान शरीफ का पाक महीना अब अंतिम दौर में प्रवेश कर चुका है इसी के चलते अब ईद की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इबादत के साथ अब ख़रीदारी करने मुस्लिम समुदाय की बुर्का पहनी हुई महिलाएं व नौजवान मीना बाजार खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। दोपहर से शुरू होते हुए मीना बाजार में रात्रिकालीन तरावीह की नमाज के बाद मीना बाजार में जनसैलाब उमड़ रहा है। ईद की मीठी सेवाईयों के अलावा देश, विदेश के खुशबूदार इत्र, रंग-बिरंगे सलवार सूट, कुर्ता-पायजामा की अनेक वेरायटी एवं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की हर जरूरत की दुकानें सजाई गई हैं। मीना बाजार में तरह-तरह के लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं जिसका लुत्फ भी खरीदारी करने वाले उठा रहे हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी ने बताया कि मीना बाजार में सभी धर्म, जाति एवं आस-पास के जिलों, ग्रामीण क्षेत्र से लोग खरीदारी करने आते हैं। इस मीना बाजार का इतिहास बहुत पुराना है, मुगलकालीन मीना बाजार आगरा, दिल्ली में भी लगता था। जबलपुर में यही मीना बाजार संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहजीब को संजोए आज भी जारी है। मतीन अंसारी और साथियों द्वारा खरीदी करने आए हुए लोगों को पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था एवं स्पीकर के माध्यम से कंट्रोलिंग की जाती है, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। मुस्लिम समुदाय के हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिज़वान, हाजी मुईन खान, जमा खान, तालिब हुसैन पत्रकार, याकूब अंसारी, आमीन कुरैशी, प्यारे साहब, ताहिर खान, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, अकबर खान सरवर, हाजी तौसीफ़ रज़ा, शमीम अंसारी गुडडू, अशरफ मंसूरी, जवाहर कादरी, अशरफ राईन आदि ने मीना बाजार में सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस बल की मांग की है।

**आगा दरगाह**- मौलाए कायनात हजरत अली की शहादत के मौके पर आज आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में विशाल रोजे अफ़्तार का एहतेमाम किया गया। बाद नमाज असर मौलाए कायनात हजरत अली रदी. की न्याज पेश की गई। मगरिब के समय विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। दरगाह शरीफ के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेट्री रफीक खान, साबिर अली ने तमाम शिरकत किए रोज़ेदारों का शुक्रिया अदा किया।

## भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को नमन कर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जबलपुर**। भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा भगत सिंह चौक कटंगा में उनकी प्रतिमा पर अरदास कर उनके चरणों में नमन, माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर युवा विचार मंच के अध्यक्ष तजिंदर सिंह टीटू, सचिव डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, रजिंदर सिंह चाबड़ा, रवीन्द्र सिंह चायना, हरजीत सिंह, प्रिंस सजूला, कलसी जी, एन्ड्रसू थामस, रवि ठाकुर, सतीश राजपूत, बिल्लू वीर आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी ने भी मनाई पुण्यतिथि



**जबलपुर**। आम आदमी पार्टी जबलपुर इकाई द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम कटंगा क्रॉसिंग जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रामकिशोर शिवहरे, राजेश वर्मा, ओम बाबू जांगिड़, आदेश दुबे, सुनील रजक, महेश भलावी, गिरीश मराठा, गेंदालाल चौधरी, मदन शर्मा, प्रवीन परसाई, भूपेंद्र दुबे, जगदीश माली, आनंद काला, चिंटू पंडित, हरप्रीत सिंह, सुधीर खरे, टीएन त्रिपाठी, ब्रजेश चतुर्वेदी, मनोहर लाल जाटव, पंचम झा, देवी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रादुविवि में भी बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर**। इतिहास विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा 'बलिदान दिवस' कार्यक्रम 22 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध इतिहासविद् प्रोफेसर अलकेश चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अमर बलिदानियों की श्रद्धांजलि से हुआ। मुख्य अतिथि ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान को रेखांकित करते हुए सभा में मार्मिक चित्रण उपस्थित किया। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में वीर ही बलिदान दिया करते हैं। राष्ट्र प्रेम का ऐसा उदाहरण विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलता जहां मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाते हुए उन्होंने अपने प्राणों को भारत माता के चरणों में न्यौछावर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर विवेक मिश्र ने की। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर विवेक मिश्र ने कहा कि युवाओं को वीर शहीदों से प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजुल अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शालिनी दोहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीपा उपाध्याय, डॉ. शेफाली गढ़वाल, डॉ. मुक्ति मिश्रा, डॉ. प्रवेश पांडे, डॉ. हरीश यादव, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. आशीष, डॉ. हेमा, हिमांशु आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## यादव महासमा का परिचय सम्मेलन व होली मिलन सम्पन्न

**जबलपुर**। अखिल भारतवर्षीय यादव महासमा जबलपुर के द्वारा 23 मार्च 2025 रविवार को विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन महेश भवन गोपालबाग दमोहनाका में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव द्वारा की गई। परिचय सम्मेलन में लगभग 250 बायोडाटा युवक, युवतियों के प्राप्त हुए है जिनका आगामी कार्यक्रम में पत्रिका द्वारा विमोचन किया जायेगा, परिचय सम्मेलन में कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, उमरिया, मंडला, घंसौर, गोटेगांव, सागर और जबलपुर संभाग एवं प्रदेश के अन्य जिलों से स्वजातीय बंधु उपस्थित हुये। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच पर आकर दिया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें मथुरा, वृंदावन की श्रीकृष्ण-राधा पर रासलीला, फूलों की होली जैसे आयोजन किये गये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण से लोग उपस्थित हुए। मंच का संचालन टीकेन्द्र यादव के द्वारा किया गया, आभार शशांक यादव के द्वारा किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सुभाष यादव के द्वारा आयोजित किया गया, कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, ग्रामीण अध्यक्ष राममिलन यादव, महिला शहर अध्यक्ष तृप्ति यादव, महिला ग्रामीण अध्यक्ष उमेदा यादव, प्रदेश महिला महासचिव कमलेश यादव, युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव, ग्रामीण अध्यक्ष सर्वेश यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शारदा यादव, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, शिव यादव, सुभाष यादव, मनोज यादव, परमू यादव, विजय यादव, प्रभा यादव, हेमलता यादव, विजय सिंह यादव, चैनसिंह यादव, पीएल यादव, विनय यादव, आरपी यादव, शारदा यादव, चंदन यादव, मुकेश यादव पूर्व पार्षद, प्रदीप यादव पूर्व पार्षद, रितु राजेश यादव पार्षद, रीना, ऋषि यादव पार्षद, गार्गी रामकुमार यादव पार्षद, पंचम यादव, दादूराम यादव, कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### संत नामदेव समाज ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**जबलपुर**। संत नामदेव समाज समिति मनमोहन नगर जबलपुर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिसमें में महिलाओं द्वारा आगामी प्रोग्राम कि चर्चा हुई समाज कि मातृशक्ति द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुधीर नामदेव अध्यक्ष, संदीप कौशल नरेश, जीएल नामदेव, नितिन, सुनील, सुभाष, जीएल, नामदेव, दीपक नामदेव, डॉ. बीपी नामदेव सहित महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता नामदेव, वीणा,किरण कौशल, किरण धुराटिया, कल्पना, निशा, प्रतिभा, मंजू कांता, ज्योति, मिथलेश, समस्त नामदेव परिवार उपस्थित रहे।

## एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन



**जबलपुर**। लालसाई झूलेलाल के अवतरण दिवस एवं सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड्र के अवसर पर एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का पांचवां संस्करण स्थानीय रानीताल स्टेडियम में 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें तीसरे दिन शनिवार को पहला मैच ब्लैक विलबर और स्पोर्ट्स ग्रुप के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक विलबर ने 5 विकेट गंवाते हुए 92 रन बनाए, टीम के आयुष ने सर्वाधिक 19 बॉल पर 36 रन बनाए एवं निखिल जैसवानी ने 24 रन देते हुए 3 विकेट लिए, इसके साथ ही लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम स्पोर्ट्स ग्रुप- 6 विकेट गंवाते हुए 75 रन ही बना पाई। जिसमें टीम के मनीष आहूजा ने 18 बॉल पर 28 रन बनाए, वहीं इनकी टीम के बॉलर आयुष बुद्धरानी ने 1 ओवर में 6 रन देते हुए 2 विकेट लिए थे। इसी तरह टीम विलबर ने 17 रन से यह मैच जीत लिया। मैच में आयुष को मैन ऑफ़ द मैच का खिताब दिया गया। इसी प्रकार दूसरा मैच टीम जेआरएल टाइटैंस और राजेश रेनोस के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम राजेश रेनोस ने 6 विकेट खोकर 76 रन बनाए, जिसमें टीम के आशीष नानवानी ने सर्वाधिक 21 बॉल पर 40 रन एवं टीम के बॉलर कलश ने 2 ओवर में 13 रन देते हुए 2 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए जेआरएल टाइटैंस 8 विकेट खोकर 73 रन ही बना पाई। जिसमें टीम के हनी टेकचंदानी ने 17 गेंद पर 36 रन बनाए एवं बॉलर सौरभ तरदेजा ने 2 ओवर में 24 रन देते हुए 3 विकेट लिए। इस प्रकार दूसरा मुकाबला टीम रेनोस ने 3 रन से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ़ द मैच का खिताब आशीष नानवानी को दिया गया। सिंधी प्रीमियर लीग द्वारा रोजाना प्रतिदिन 6 मैच खेले जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कमल कलवानी, रिंकू गोगिया, विनोद कलवानी, दीपक छगानी, सुनील जैसवानी, गोविंद मूलचंदानी, अजय लालवानी,

## धूमधाम से मनाया रंगपंचमी उत्सव

जबलपुर।

कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने रंगपंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया। पुष्प वर्षा कर गुलाल का तिलक, वरिष्ठों का सम्मान माला पहनाकर किया गया। कौमी एकता का संदेश देते, ढोल धमाकों के साथ नगर भ्रमण करते हुए व्यापारियों से मिलते रहे, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, धनंजय बाजपेई ने संयुक्त रूप से कहा कि होली मिलन भारतीय संस्कृति रंगों में आदमीयत को जन्म देती है गंगा जमुना तहजीब हमारी संस्कृति की जीवनधारा है, समरसता भारत का प्रतीक है, मौलाना सुनी सुलतानी बाबा ने कहा कि हमारे पूर्वज एक थे, होली जीवन में रंग भरता है। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, अमरीश मिश्रा, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, सीताराम कुरचानिया, डॉ. अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, आरएस पांडे, आनंद मोहन शर्मा, निशांत शर्मा, विजय साहू, ताराचंद राय, राकेश चक्रवर्ती, आनंद गुप्ता, सुरेश सोनी, सुरेंद्र असाटी, मुन्ना लाल दुबे, विकास सेन, राहुल सेन, सूरज द्विवेदी, संतोष गुप्ता, विवेक कोहली, राजा खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की हुई जांच



**जबलपुर**। मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के द्वारा संचालित संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र जिला चिकित्सालय विक्टोरिया से जिला नोडल **TB and HIV** अधिकारी डॉ. संतोष सिंह ठाकुर और दिशा टीम के मार्गदर्शन और सहयोग से गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय विक्टोरिया से डॉ. प्रतीक मिश्रा (नेत्र चिकित्सक), डॉ. सुलभ अग्रवाल (दंत चिकित्सक), विभा उपाध्याय (**Counsler**), संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र से शारदा मेहरा (**SSM**), सार्थक मिश्रा (**orw**), प्रवीन (**orw**), अंजू पटेल (**NO**), वीरेन्द्र लोधी (**NO**), मधु लोधी (आभा **ID**), अजय यादव (आभा **ID**), वीरेन्द्र चंदेल (नेत्र तकनीशियन), **hitesh** (आयुष्मान) उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की उपस्थिति रही जिसमें निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। **HIV**/ **VDRL**/ हेपटाइटिस सी, हेपटाइटिस सी/ **Sugar**/ **HB**/ आभा **ID**/ आयुष्मान कार्ड/ जनरल परामर्श/ जनरल दवाइयां आदि सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी। मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज सेवक **bablu shard Namdev** के द्वारा किया जिसमें पूर्व विधायक विनय सक्सेना, हर्षित यादव (पार्षद), भरत प्रताप **singh** (मानव अधिकार संगठन) अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, विकास पांडे, अमित दुबे, राकेश पांडा, अरविंद विश्वकर्मा, पप्पू पवैया, अखिलेश नामदेव, सुनील मराठी, सुरेन्द्र ठाकुर, डीके महाराज, जूगन्न अग्रवाल का सहयोग रहा।

## फाग और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

### रंग गुलाल और तिलक वंदन कर दी होली की शुभकामनाएं



**जबलपुर**। यादव महासभा जबलपुर एवं सर्व समाज संगठन का भव्य होली मिलन का कार्यक्रम सिंधी धर्मशाला घंटाघर में आयोजित हुआ, जिसमें सभी वर्गों ने हिस्सा लेते हुए एक दूसरे को तिलक-वंदन कर और रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकमानाएं दी। इस दौरान फाग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समा बांध दिया और आयोजन स्थल पर मौजूद तमामजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आयोजन के दौरान यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, विधायक अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे, भाजपा नगराध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगमाध्यक्ष रिंकुज विज, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, यादव महासभा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड्डा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहन यादव, शहर अध्यक्ष मनोज यादव, संजय यादव, महिला शहर अध्यक्ष कंचन यादव, मोहन यादव, चंद्रपाल यादव चंदू, असित रिंकू यादव, शहर युवा अध्यक्ष विनय यादव, बालबोध यादव, डेलन यादव, भद्दी यादव, बसंत यादव, रजनी यादव, रामकृष्ण यादव, जनपद सदस्य गणेश यादव, गोलू यादव, विक्की यादव, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे।

## विश्व जल संरक्षण दिवस पर स्काउट गाइड को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**जबलपुर**। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार जिला संघ जबलपुर के क्लैप क्लब के द्वारा ललित कुमार मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग जबलपुर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डॉ. विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त जिला जबलपुर, व्ही.के. झारिया जिला सचिव, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट CLAP राहुल राजपूत के निर्देशनुसार विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर स्काउट एवं गाइड द्वारा हैंडवॉश की एक्टिविटी SUMANK के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण का सन्देश देते हुए एक्ट के माध्यम से विभिन्न विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षित करने के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर, सेंट नॉरबर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल नेपियर टाउन, डब्ल्यूएसईसी स्कूल रेलवे जबलपुर ने अपने अपने विद्यालय में सभी को जागरूक किया, जिसमें गाइड कैप्टन किरण येवले, शुभांगी शर्मा, राशिका द्विवेदी, शुभम ठाकुर का सहयोग रहा। आज के कार्यक्रम में लगभग 50 क्लैप क्लब के मेंबर्स ने प्रतिभागिता की।



## वरिष्ठ पेंशनर्स सदस्यों का किया अभिनंदन

**जबलपुर**। एमईएस (सैन्य अभियंता सेवाएं) सिविलियन पेंशनर्स एसोसियेशन जबलपुर शाखा की बैठक 23 मार्च को सदर कॉफी हाउस में आयोजित की गई, जिसमें 75 वर्ष के वरिष्ठ सदस्यों रामदयाल भारती, केके रत्ना, एमके शर्मा, श्रीमती अन्ना पीएम एवं सरला रानी का अभिनंदन किया गया। बैठक में अध्यक्ष एसपी मुखी, उपाध्यक्ष जीएस मैनी, मंत्री एनके दास, कोषाध्यक्ष जीडी गुप्ता, सदस्यगण टीके बोस, आरके सहरल, कान्दरा प्रदीप एवं श्री टंडन सम्मिलित रहे। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का चुनाव एवं केन्द्र सरकार की पेंशन नीतियों पर परिचर्चा हुई।

# किस्से हैं, बाते हैं, यादें हैं.... बातें भूल जाती हैं, यादें याद आती हैं....

## जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को दी भावभीनी विदाई

**माता गुजरी महिला महाविद्यालय में सीनियर छात्राओं की फेयरवेल पार्टी आयोजित**



**जबलपुर**। माता गुजरी महिला महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा 21 मार्च 2025 को बीकॉम बीबीए एमकॉम अंतिम वर्ष/ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार पाहवा, रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया, विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार जैन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर मीता श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन, भविष्य में सरल और कठिन संभावनाओं की भूमिका निभाता है। शिक्षा के द्वारा हम आने वाली चुनौतियों का सामना करते हैं हमारे अनुभव हमें सकारात्मक लाते हैं। आप सभी को उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं। इसी तारतम्य में छात्राओं ने कहा कि महाविद्यालय का यह सफर हमेशा याद रहेगा। यहां हमने केवल शिक्षा ही नहीं हासिल की है, बल्कि हमारे प्रिय प्राध्यापकों द्वारा सफल जीवन जीने हेतु मार्गदर्शन भी प्राप्त किया है। एक छात्रा ने कहा कि मेरे महाविद्यालय का वातावरण खुशनुमा है जहां हमने खूब खुलकर दोस्तों के साथ मिलकर मौज-मस्ती की। छात्राओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञापन- पहचानों तो जानें, तंबोला, सरप्राइज गेम्स एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन खेलों में छात्राओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न पुरस्कार भी जीते। मिस फेयरवेल महक कलवानी, मिस मैनेजमेंट पूर्णिमा जैन, मिस पर्सनालिटी पलक अग्रवाल, मिस रेगुलर रुचि गुप्ता, प्रिया पांडे रहीं। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम की छात्राओं उमा विश्वकर्मा, वैष्णवी रैकवार, अनुशा सोनी, संजना लोधी, छवि झरिया, ऊषा विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तकनीकी संचालन में डॉ. गणेश दुबे, प्रियंका आनंद, कांची लालन एवं हर्षिता चौरसिया का विशिष्ट सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. श्रुति पुंज, डॉ. अरुणा पाठक, डॉ. स्मृति खुरासिया, डॉ. सपना शर्मा एवं वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

## लोक संस्कृति को जीवित रखने फाग और नृत्यों ने बांधा समां



**जबलपुर**। भारतीय लोक संस्कृति को संरक्षित रखने लोकगीत गायन एवं अन्य कलाओं से समाज को जोड़ना आवश्यक है, आज के समय विलुप्त होती प्राचीन लोक संस्कृति जिसमें लोक गीत, लोक नृत्य, लोक चित्रकारी, खान-पान, पहनावा विलुप्त हो रहा है, इस विलुप्त होती संस्कृति को संरक्षित करना हम सभी का उत्तरदायित्व है, इंटैक संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण में प्रयासरत है जिसमें नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जैसी संस्थायें बखूबी अपना अहम रोल अदा कर सहभागी बन रही हैं। इंटैक, भारतीय संस्कृति न्यास जबलपुर चैप्टर, गुंजन कला सदन एवं नार्मदा कॉलेज आफ एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वावधान में विजय नगर स्थित महाविद्यालय प्रांगण पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने उक्त विचार रखे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया, अतिथियों का स्वागत रमाकांत गौतम, कौशल यादव, अभिषेक अग्रवाल, मोती शिवहरे ने किया, इस अवसर पर सुनीति माहेश्वरी ने फाग गायन पर चर्चा करते हुए आयोजन पर प्रकाश डाला, श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव भारतीय चित्रकार पिसर्वो सहित पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, इंदिरा पाठक तिवारी, शिक्षाविद डॉ. वंदना पांडेय, भारती साहा, अभय जैन, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. सत्येन्द्र पाठक, नलिनकांत वाजपेयी का मोतियों की माला से स्वागत किया गया, ग्राम मनकेडी की सरस्वती फाग टीम के सदस्यों ने फाग गायन से समां बाँध दिया, महाविद्यालय की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किये, मोमेंटो प्रदान कर सभी कलाकार सम्मानित किए गए, संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक ने तथा आभार नवनीत माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# 175 करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे एक्टर बने अल्लू अर्जुन



**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन डायरेक्टर एटली के साथ एक मेगा बजट फिल्म में काम करने वाले हैं। फिल्म का स्केल काफी बड़ा है जिसमें एक्टर की मास एंट्री से लेकर, कई सारे मसालेदार मोमेंट्स भी शामिल होंगे। अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म में काम करने के लिए 175 करोड़ रुपए के साथ फिल्म के मुनाफे से 15% लेने की मांग रखी है। एक सूत्र ने बताया, 'अल्लू अर्जुन ने सन पिक्चर्स के प्रोड्यूसर के साथ 175 करोड़ रुपए की डील साइन की है। उसके साथ ही उनके फिल्म के प्रॉफिट से 15% लेने की भी मांग सामने आई है। ये इस दौर में किसी भी एक्टर द्वारा साइन की गई सबसे बड़ी डील में से एक है।

लाइफ Style

# अनन्या

## आप सब कुछ कर सकते हैं



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी स्टोरीज पर 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक खास तस्वीर शेयर की। साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर फिल्म के कलाकार आदर्श गौरव और मुस्कान जाफरी की प्रशंसा की।

अनन्या ने फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें आदर्श गौरव और विनीत कुमार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, फिल्म देखना जादू जैसा है। दर्शक ताली बजाते हैं, सीटी मारते हैं, हंसते हैं और फिल्म के हर पल को महसूस करते हैं। अनन्या ने अपने फैंस से भी 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' को थिएटर में जाकर फिल्म देखने की गुजारिश की। साथ ही अनन्या ने उन्होंने अपने दोस्त आदर्श गौरव की तारीफ की और लिखा, 'मेरे दोस्त - आप वाकई कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं गौरव आर्दश'। साथ ही, अपनी को-स्टार मुस्कान जाफरी के लिखा, 'बहुत ज्यादा प्यार।'

अनन्या ने फिल्म के सभी कलाकारों और टीम को बधाई दी। इस फिल्म को रीमा कागती ने डायरेक्ट किया है और वरुण ग्रोवर ने लिखा है। इसमें आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह जैसे कई कलाकार हैं। फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने बनाया है। यह अभी सिनेमाघरों में चल रही है। वहीं, काम की बात करें तो अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म केसरी 2 का पहला लुक भी शेयर किया है।

हॉलीवुड मसाला

# अगले साल का ऑस्कर करेंगे होस्ट



**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से सोमवार को बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।'



# बूढ़े रेसर बन फॉर्मूला वन की रेस जीतने निकले ब्रैड

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'एफ 1' का ट्रेलर गुरुवार शाम को जारी किया गया था, जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट एक बूढ़े रेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो फॉर्मूला वन में वापसी कर रहा है। इसे वास्तविक स्थानों पर असली फॉर्मूला कारों में फिल्माया गया है। प्रशंसकों ने भी ट्रेलर और स्कोर की तारीफ की है। ट्रेलर को रिलीज हुए 48 घंटे हो चुके हैं। यूट्यूब पर ट्रेलर को अब तक एक करोड़ 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस इस ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा की हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह फिल्म बेस्ट स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी तो वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया।



# रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बिखेरा जलवा...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की मोस्ट फेमस और स्टाइलिश डीवा हैं। जाह्नवी का स्टाइल स्टेटमेंट और फैशन सेंस फैंस को क्रेजी कर देता है। अब एक बार फिर एक्ट्रेस के ग्लैमरस अंदाज पर फैंस की निगाहें अटक गई हैं। जाह्नवी कपूर ने रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में अपनी सुपर सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। रेड शिमरी बोल्ड ड्रेस में एक्ट्रेस का किलर लुक देखने लायक है। फैंस उनपर फिदा हो गए हैं। रेड ड्रेस संग एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स देकर ओपन ही रखा। ग्लॉसी न्यूड लिपस्टिक, स्मोइकी आई मेकअप में जाह्नवी सुपर गॉर्जियस लगीं। उनका स्वैग और एटीट्यूड किसी की भी धड़कनें तेज करने के लिए काफी है। वेस्टर्न ड्रेस संग एक्ट्रेस ने स्टेटमेंट नेकलेस कैरी किया है। साथ ही मैचिंग ईयररिंग्स भी पहने हैं।




# 'ठग लाइफ' की टीम ने दीं शुभकामनाएं

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने प्रचार अभियान को इंडियन प्रीमियर लीग से जोड़कर दर्शकों का ध्यान खींचने का अनोखा तरीका अपनाया है। हाल ही में फिल्म की टीम ने एक मोशन पोस्टर जारी किया, जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को उनके पहले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। हाल ही में 'ठग लाइफ' के निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी किया, जिसमें कमल हासन और सिलंबरासन टीआर नजर आए। पोस्टर की टैगलाइन थी- वन रूल नो लिमिट्स। इसमें फिल्म की कहानी की हल्की सी झलक दिखाई दी। इसके बाद टीम ने सोशल मीडिया पर एक मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट की दुनिया को जोड़ा गया।

टीवी मसाला

# झनक पहुंची सलाखों के पीछे क्या अनिरुद्ध कर पाएगा मदद

**मुंबई।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि अर्शी ने झनक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट करवाई थी। झनक को अरेस्ट करने पुलिस उनके घर आई है। पुलिस की अरेस्ट की बात



सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा। अनिरुद्ध कहेगा कि झनक की कोई गलती नहीं है, लेकिन पुलिस उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। वहीं, झनक के जाने से पहले अनिरुद्ध उससे हाथ जोड़कर माफी मांगेगा। अर्शी अनिरुद्ध को इस तरह देखकर हैरान रह जाएगी। आनेवाले एपिसोड में आप देखेंगे कि झनक सलाखों के पीछे होगी। वहीं, ललॉन कहेगा कि वो कमिश्नर की मदद से झनक का केस सुलझाएगा। वहीं, अनिरुद्ध झनक से मिलने जेल जाएगा। अनिरुद्ध को देखकर झनक उससे सवाल करेगी कि वो यहां क्या कर रहा है। अनिरुद्ध कहेगा कि क्या वो नहीं आ सकता? इसके बाद झनक उसे अर्शी के बारे में याद दिलाएगी।

# किसी की नहीं सुनेगा अरमान स्ट्रेस नहीं लेने की कही बात

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। शिवानी और अभिरा अरमान को यह समझाने की कोशिश करेंगी कि उसे विद्या को एक मौका और देना चाहिए। शिवानी समझाएगी कि क्या पता विद्या को माफ करके उसके दिल का मैल भी निकल जाए, लेकिन अरमान किसी की नहीं सुनेगा। अगली सुबह अरमान और अभिरा शहर से बाहर रूही और रोहित से मिलने पहुंचेंगे। अभिरा कहेगी कि अभी उसे किसी तरह का स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए। तब रूही सरोगेसी के कागज अभिरा को देते हुए



कहेगी कि सबसे पहले तो तुम मेरा यह सबसे बड़ा स्ट्रेस अपने पास रख लो। क्योंकि ये कागज अगर पौद्दार हाउस में किसी के हाथ लग गए तो तूफान आ जाएगा। लेकिन उन्हें नहीं पता होगा कि संजय दादी सा को लेकर वहां पहुंच गया है। दादी सा रूही के हाथ से ये फाइल छीन लेंगी और कहेंगी कि ऐसा क्या लिखा है इस फाइल में? जब कोई कुछ नहीं बोलेगा तो कावेरी पौद्दार खुद ही यह फाइल खोलकर पढ़ने का फैसला लेंगी लेकिन तभी रूही उनसे यह फाइल छीन लेगी।

# पर्दे के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर रणबीर से भिड़ेंगे यश...

**मुंबई।** इस साल ईद के मौके पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होने वाली है। अगले साल ईद के मौके पर दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं। एक फिल्म 26 मार्च 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का नाम 'टॉक्सिक' है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार यश हैं। दूसरी फिल्म 'लव एंड वार' है। यह फिल्म भी ईद के आस-पास ही रिलीज होने वाली है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। ऐसे में अगले साल यश और रणबीर कपूर की फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर टकराव



देखने को मिल सकता है। यश को फिल्म केजीएफ से पूरे देश में शोहरत मिली। उम्मीद की जा रही है कि वह 'टॉक्सिक' में भी अपनी पहले वाली छवि लेकर आएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसने अपने एलान के बाद से ही फैंस में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। दूसरी तरफ 'लव एंड वार' फिल्म है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। फिल्म में जबरदस्त विजुअल होंगे। फिल्म में भरपूर रोमांस और ड्रामा होगा। मजे की बात ये है कि यह पहली ऐसी जगह नहीं है जहां रणबीर और यश एक दूसरे से भिड़ेंगे।

# फिर गरजेंगे सनी, 'जाट' का प्रोमो हुआ रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फैंस को इसके ट्रेलर का इंतजार है, जो जल्द पूरा होगा। रविवार को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट पर अपडेट दिया है। उन्होंने इसका प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सनी देओल गरजते दिख रहे हैं। सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' (2023) ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर बवाल काटा। इसके जरिए उनका धांसू कमबैक हुआ और अभिनेता के पास फिल्मों की झड़ी लग गई। सनी देओल 'गदर 2' के बाद अब जल्द ही फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। इसके ट्रेलर का प्रोमो रविवार को पीपल मीडिया फैक्ट्री के इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर किया गया है। जारी प्रोमो में एक ट्रक दिखाया गया है। सनी देओल तेवर दिखाते नजर आए हैं। बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'सॉरी बोल'। मेकर्स ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'धमाकेदार ट्रेलर की झलक। पूरा ट्रेलर 24 मार्च को दोपहर 12.06 बजे रिलीज होगा'। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कंगना से लेकर स्मृति ईरानी तक इन अभिनेत्रियों ने राजनीति में रखा कदम

***मुंबई।** कंगना रनौत और स्मृति ईरानी आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां हैं और दोनों ही कामयाब राजनेता भी हैं। आज हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मी दुनिया से अपना करियर शुरू किया और आज कामयाब राजनेता हैं।*



**हेमा मालिनी :** हेमा मालिनी हिंदी सिनेमा में अपनी बेहतरीन किरदारों के लिए जानी जाती हैं। उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'शोले' का नाम शामिल है। उन्होंने साल 2004 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह 2014 से मथुरा से सांसद हैं।



**जया बच्चन :** जया बच्चन ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उन्होंने भी 'शोले' में अदाकारी की थी। वह अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं। जया बच्चन 2004 से समाजवादी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सदस्य हैं।

**किरण खेर :** किरण खेर बॉलीवुड में अपने बेहतरीन किरदार के लिए जाने जाती हैं। उन्होंने 'ओम शांति ओम' में बेहतरीन अदाकारी की थी। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं। साल 2014 में वह चंडीगढ़ से लोकसभा के लिए चुनी गईं।





**स्मृति ईरानी :** स्मृति ईरानी पहले टीवी का जाना माना चेहरा थीं। वह 'क्योंकि सास कभी बहू थी' से बहुत मशहूर हुईं। वह भारतीय जनता पार्टी से अमेठी से सांसद रहीं और गुजरात से राज्यसभा सदस्य रहीं। ईरानी 2019 से 2024 तक महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं। फिलहाल वह केंद्रीय मेंत्री हैं।

***कंगना रनौत :** कंगना रनौत ने बॉलीवुड को 'गैंगस्टर' और 'क्वीन' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। फिल्हाल वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद हैं। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री से भी नवाजा है।*



# 'अभी इतने ही बाल आए हैं, कैसी लग रही हूं मैं?

***मुंबई।** हिना खान कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। कीमोथैरेपी, सर्जरी और उपचार की प्रक्रिया में अभिनेत्री ने अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने इसकी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। वे इवेंट और शूटिंग के दौरान विग का इस्तेमाल करती हैं।*



*हालांकि, हिना के बाल अब आने लगे हैं। हाल ही में एक इवेंट में वे कैंसर उपचार के दौरान पहली बार बिना विग पहने नजर आईं। हिना खान ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने फोटोग्राफर्स को पोज दिए। फिर पूछा, 'कैसी लग रही हूं मैं? अभी मेरे इतने-इतने ही बाल आए हैं'। इस पर पैपराजी ने एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया और कहा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं आप, नेचुरल ब्यूटी'। हिना खान का यह वीडियो वीरेंद्र चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। यूजर्स और फैंस भी हिना खान के लुक की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनकी हिम्मत को सलाम कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बहुत हिम्मत वाली हो, तभी तो आपको शेर खान कहते हैं हम'।*




## आईपीएल : सबसे बड़ा स्कोर 287/3 भी एसआरएच के नाम दर्ज

# किशन का तूफान, हैदराबाद ने बनाया दूसरा सर्वोच्च स्कोर, राजस्थान को 44 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इशान किशन (47 गेंद में नाबाद 106) की तूफानी बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 44 रौंदकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। किशन ने रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे।

हेड ने इस फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर रहे किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए जिससे एसआरएच ने छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी एसआरएच के नाम है। टीम ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे।

### अनुभवहीन कप्तान की गलती

*रॉयल्स की टीम हालांकि कभी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं दिखी लेकिन टीम खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 242 रन बनाने में सफल रही। हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की।*




### मुश्किलों भरा रहा पिछला साल

*पिछले कुछ सालों में मुंबई इंडियंस के मुख्य खिलाड़ियों में से एक किशन के लिए 2024 का साल मुश्किल रहा। इस लीग के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण उन्होंने अपना केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा और मुंबई की फ्रेंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। पटना के इस छोटे कद के खिलाड़ी ने नए जोश के साथ वापसी की है और नई फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। वह इस सपाट पिच पर और सात मैच खेल सकते हैं। वह इस तरह के प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।*

### शर्मनाक : आर्चर ने दिए 76 रन

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। राजस्थान के 3 गेंदबाजों ने 50 से ज्यादा रन खर्च किए। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 19 की इकोनॉमी से 76 रन लुटा दिए। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

### महंगे गेंदबाजी के आंकड़े

| विकेट/रन | खिलाड़ी | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 0/76 | जोफ्रा आर्चर | राजस्थान | 2025 |
| 0/73 | मोहित शर्मा | दिल्ली | 2024 |
| 0/70 | बेसिल थम्पी | आरसीबी | 2018 |
| 0/69 | यश दयाल | कोलकाता | 2023 |
| 1/68 | रीस टॉपली | मुंबई | 2024 |
| 1/68 | ल्यूक वुड | दिल्ली | 2024 |

### चौथी बार 250+ पार

हैदराबाद टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ रन बनाने वाली टीम बनी। अब उनके नाम 4 स्कोर हो गए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लिश काउंटी टीम सरे हैं, जिसके नाम 3, 250+ स्कोर हैं। हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ शुरूआती 6 ओवर में एक विकेट खोकर 94 रन बनाए। यह आईपीएल का ओवरऑल पांचवां हाईएस्ट पावरप्ले टोटल है। इस मामले में पहले नंबर पर भी हैदराबाद है। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2024 में 125/0 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| एसआरएच | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का जायसवाल बो तीक्षणा | 24 | 11 | 5 | 0 |
| ट्रैविस हेड का हेटमायर बो तुषार | 67 | 31 | 9 | 3 |
| इशान किशन नाबाद | 106 | 47 | 11 | 6 |
| रेड्डी का जायसवाल बो तीक्षणा | 30 | 15 | 4 | 1 |
| क्लासेन का रियान बो संदीप | 34 | 14 | 5 | 1 |
| अनिकेत शर्मा का आर्चर बो देशपांडे | 07 | 03 | 0 | 1 |
| मनोहर का रियान बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 20 ओवर में 286/6
**गेंदबाजी :** फारुकी 3-0-49-0, तीक्षणा 4-0-52-2, आर्चर 4-0-76-0, संदीप 4-0-21-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 4-0-44-3.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मनोहर बो सिमरजीत | 01 | 05 | 0 | 0 |
| सैमसन का क्लासेन बो हर्षल | 66 | 37 | 7 | 4 |
| पराग का कमिंस बो सिमरजीत | 04 | 02 | 1 | 0 |
| नीतीश राणा का कमिंस बो शमी | 11 | 08 | 2 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का किशन बो जम्पा | 70 | 35 | 5 | 6 |
| हेटमायर का मनोहर बो हर्षल | 42 | 23 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 34 | 11 | 1 | 4 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, कुल : 20 ओवर में 242/6
**गेंदबाजी :** शमी 3-0-33-1, सिमरजीत 3-0-46-2, कमिंस 4-0-60-0, अभिषेक 2-0-17-0, जम्पा 4-0-48-1, हर्षल 4-0-34-2.

## दीवानगी ने पहुंचाई जेल.... कोहली को गले लगाना फैन को पड़ा भारी



कोलकाता। ईडन गार्डेंस स्टेडियम में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में आईपीएल-18 के उद्घाटन मैच के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट कोहली के पास जाकर उन्हें गले लगाने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना उस वक्त हुई जब कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी वह व्यक्ति स्टेडियम की फेंसिंग को फांदकर मैदान में घुस गया और कोहली के पास जाकर उनके चरणों में गिर पड़ा। उसके बाद उठा और कोहली को गले लगा दिया। सुरक्षाकर्मी दौड़ते हुए वहां पहुंचे और उसे पकड़कर मैदान से बाहर ले गए। सूत्रों से पता चला है कि पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है और उस शख्स को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 329 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने का प्रयास) के तहत गिरफ्तार किया है।

## मोहसिन की जगह शार्दुल लखनऊ में शामिल



**नई दिल्ली।** नीलामी में नहीं बिकने वाले भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी के लिए तैयार हैं और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने उन्हें चोटिल मोहसिन खान के स्थान पर टीम में शामिल किया है। नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में एलएसजी सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में बयान में कहा, 'लखनऊ सुपर जाइंट्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने ठाकुर को दो करोड़ रुपए के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।'

## दिल्ली-लखनऊ की जंग आज

**विशाखापत्तनम।** नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य आईपीएल के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी। अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ की टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। दूसरी तरफ के एल राहुल हैं जो पिछले दो सत्र में लखनऊ की कमान संभालने के बाद इस बार एक खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे। दिल्ली की टीम ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया है लेकिन बल्लेबाजी में राहुल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### खबर संक्षेप

### गुजरात खिलाड़ियों को काफी आजादी देता है



**नई दिल्ली।** कागिसो रबाडा दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं लेकिन अपनी नयी फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में घर जैसा महसूस करते हैं क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा से पहले ही काफी लगाव हो गया है। रबाडा को गुजरात टाइटन्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा और वह मोहम्मद सिराज के साथ नयी गेंद साझा करेंगे। रबाडा ने कहा, 'हां, यह बहुत आरामदायक रहा है। खिलाड़ियों को बहुत स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन फिर भी एक व्यवस्था है। यहां जिस तरह से सब कुछ चल रहा है, उससे वास्तव में खुश हूं।'

### आरसीबी में क्रुणाल शानदार पसंदः हेडन



कोलकाता। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस साल आईपीएल के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है। उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट, विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार ने उपयोगी पारियां खेली।

### गुवाहाटी पहले टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार



**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा।

## प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रही। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था। दो बार की ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारज़ीना ज़डज़ीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।



### पहली हार से घबराने की जरूरत नहीं : रहाणे



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एमसीए ने मासिक पेंशन में 50 फीसदी बढ़ोतरी को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने रविवार को पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की मासिक पेंशन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इसकी घोषणा रविवार को एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने की। एमसीए ने यह निर्णय अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में लिया।

इस बैठक में संघ से संबद्ध क्लबों के प्रतिनिधियों के लिए चिकित्सा कवर प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। एमसीए वर्तमान में देश में पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन देने वाला एकमात्र घरेलू क्रिकेट संघ है। उसके इस नए कदम से उन खिलाड़ियों को 30,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं। खिलाड़ियों की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को यह राशि मिलेगी। पहले यह रकम 20,000 रुपए थी।

जो पूर्व रणजी खिलाड़ी 70 वर्ष से कम उम्र के हैं उन्हें 10,000 रुपए प्रति माह के बजाय अब 15,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे। मेडिक्लेम सुविधा के तहत संबद्ध क्लबों के अधिकृत प्रतिनिधियों को 10,00,000 रुपए तक की मदद मिलेगी।



### जैस्मीन ने एक और शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर में शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा राष्ट्रीय लाइटवेट चैंपियन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में शानदार जीत हासिल की। जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। दिन के अन्य मुकाबलों में रेलवे की युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर सर्वसम्मति से जीत के दौरान पूरा नियंत्रण बनाए रखा। 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज इस सप्ताह भर चलने वाले टूर्नामेंट में 10 भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जिसमें 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन किया जा रहा है जिसमें एक मिनट के आराम अंतराल के साथ तीन मिनट के तीन राउंड शामिल हैं।

#### विश्व कप क्वालीफाइंग

## हॉलैंड ने 40वें मैच में दागा 39वां गोल, नॉर्वे की 5-0 से बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार 1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था।

इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इज़राइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया। हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए।

### वेल्स ने कजाकिस्तान को हराया

यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रन से हराया, टी20 श्रृंखला पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर लिया।

श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1 की अजेय बढ़त है। डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। इससे पहले फिन एलन ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेल टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई जिससे न्यूजीलैंड छह विकेट पर 220 रन बनाने में सफल रहा। एलन ने टिम सीफर्ट (44) के साथ पहले विकेट के लिए 4.1 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 46 रन बनाए।



### खेलो इंडिया पैरा खेल : फाइनल में 17 वर्षीय पायल 109-103 से हराया

## पैरालंपियन शीतल ने जीता तीरंदाजी का स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की बिना हाथ की तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में ओडिशा की दिव्यांग (बिना हाथ, बिना पैर) पायल नाग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दोनों युवाओं के बीच मुकाबले में गत विजेता शीतल ने वापसी करते हुए खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

18 वर्षीय शीतल ने कंपाउंडडनरी ओपन फाइनल मैच में 17 वर्षीय पायल के खिलाफ 109-103 से जीत दर्ज की। पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर नहीं हैं। वह बचपन में बिजली का झटका लगने के कारण अपने हाथ-पैर खो बैठी थीं और वह कृत्रिम पैरों से निशाना लगाती हैं। राकेश कुमार (40 वर्ष) और ज्योति बालियान (30 वर्ष) ने भी अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। झारखंड के विजय सुंडी ने हरियाणा के विकास भाकर को पुरुष रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में 6-4 से हराया जबकि हरियाणा की पूजा ने महाराष्ट्र की राजश्री राठौड़ को 6-4 से हराकर महिला रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक जीता।

### रोमांचक मैच पर रहा नजर

सभी की निगाहें शीतल और पायल के बीच महिलाओं के कंपाउंड स्वर्ण पदक मैच पर थीं। शीतल ने आठ और सात के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। हालांकि पायल तीसरे दौर में बढ़त खो बैठीं, जहां उन्होंने पहली बार सात का स्कोर बनाया और शीतल ने नौ और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की। निर्णायक पांचवें दौर में शीतल ने स्वर्ण पदक जीता।



### कंपाउंड ओपन में जीते श्याम

पुरुषों के कंपाउंड ओपन स्वर्ण पदक मैच में राजस्थान के श्याम सुंदर स्वामी ने छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार को कड़ी टक्कर देते हुए 140-139 से हराया। कांस्य पदक मैचों में राकेश कुमार ने अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए हरियाणा के परमेंद्र को 143-140 से हराया। ज्योति बालियान ने दिल्ली की लालपति को 136-132 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के धन्ना गोदारा और झारखंड की सुकृति सिंह ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के रिकर्व ओपन कांस्य पदक जीते।

## अयोध्या से यात्रियों को लेकर नागपुर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

# रमनपुर घाटी में बस पलटी, 3 की यात्रियों की मौत, 25 घायल

हरिभूमि जबलपुर।

जिला मुख्याल से 40 किलोमीटर दूर सिवनी जिला की सीमा पर स्थित रमनपुर घाटी में रविवार की तड़के 4 बजे के लगभग आयोध्या से यात्रियों को लेकर नागपुर जा रही है, एक ट्रेवल्स कंपनी की बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं 25 यात्री घायल हो गये. घायलों को इलाज के लिये मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया. उधर दुर्घटना ग्रस्त बस रामरथ ट्रेवल्स की बताई जा रही है. घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोध्या से तीर्थ यात्रियों को लेकर नागपुर जा रही है, रामरथ ट्रेवलर्स की बस सुबह 4 बजे के लगभग रमनपुर घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।




घटना की सूचना मिलने पर जबलपुर की थाना बरगी और सिवनी के थाना लखनादौन की पुलिस के साथ ही एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बस के अंदर फंसे 30 से 35 यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद तेज धमाका और घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मदद के लिए मौके पर पहुंच गये थे। जिन्होंने बस में फंसे लोगों को निकालने में मदद की. बरगी पुलिस के अनुसार, यह बस क्रमांक एमएच 14 एलबी 8718 में कुल 37 लोग सवार थे। हादसे में बस में सवार मलम्मा उम्र 45 वर्ष निवासी हैदराबाद, शुभम मेश्राम 28 वर्ष नागपुर व अमोल खोड़े 42 वर्ष निवासी नागपुर की मौत हो गई. वहीं 25 करीब घायल हो गये जिन्हें तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस से लखनादौन भेजा गया। दो यात्रियों की हालत बेहद नाजुक थी, जिन्हें नागपुर रेफर किया गया।

### परिजनों को दी जानकारी

लखनादौन और बरगी पुलिस ने मृतकों और घायलों के परिजनों से संपर्क किया और इस दुर्घटना के बारे में उन्हें जानकारी दी। मृतकों के शवों को बरगी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल भेज दिया है। हादसे में घायल यात्रियों का इलाज लखनादौन अस्पताल और आसपास के अस्पतालों में चल रहा है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों को नागपुर रेफर किया गया है।

## ईद, नवरात्र पर एसपी ने की अपराधों की समीक्षा

# सूचना तंत्र को हर हाल में करें मजबूत : एसपी

हरिभूमि जबलपुर।

यदि छोटी सी घटना की भी जानकारी मिलती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें। हमारा उद्देश्य शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है। यह बात पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आगामी ईद व नवरात्र पर्व के मद्देनजर आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में जिले के थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में एसपी श्री उपाध्याय ने पुलिस अधिकारियों को ईद व नवरात्र के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र मजबूत करने शांति समिति की बैठक व आमजनों से संवाद करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने दो या दो से अधिक अपराध करने वाले बदमाशों एवं चाकू बाजों के अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए जिला बदर एनएसए की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन चैकिंग पाइंट लगाकर बिना नंबर अमानत नंबर मॉडीफाई सायलेंसर व तेज आवाज वाले वाहनों के चालको के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों को हर हाल में शासकीय वाहन दुरूस्त रखने व वाहनों में बलवा ड्रिल सामग्री , टीयर गैस, टॉर्च, रस्सा, विडियों कैमरा रखने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध, यातायात श्रीमति सोनाली दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा भी मौजूद रहे।



## सीजीएचएस बैठक में बताई आपबीती

# जैनरिक दवाएं बेअसर, साइड इफेक्ट असरदार!



**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की मासिक बैठक आयोजित की गई । बैठक में सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह उपस्थित थे. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत ने पिछली बैठक के बिंदुओं पर हुई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की। जिसे सभी ने सराहा। वही सलाहकार प्रतिनिधि के किशन लाल ने जेनरिक दवाइयों से हो रहे दुष्प्रभाव जैसे पूरे बदन में खुजली से परेशानी के बारे में अपनी आप बीती बताई। जिसकी पुष्टि दिलीप कुंड, अनिल शुक्ला, अरविंद पटेल, अर्जुन सिंह ने करते हुए कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लिखी मेडिसन न देकर मिली जुली जैनरिक दवाएं परोसी जा रही है जो वरिष्ठ जनों के इलाज में बेअसर साबित हो रही है। उससे लोग बहुत भयभीत हो रहे है। समय रहते इस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रावत ने इस गम्भीर विषय को मुख्यालय के संज्ञान में लाने का आस्वासन दिया। बैठक के संयोजन में डॉ आर पी रावत, डॉ एलिस सराफ,डॉ राजीव यादव, डॉ एस के राय, होम्योपैथी डॉ उदया माल, स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, रंजना का सराहनीय योगदान रहा।

## ओआईसी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश

# आदेश के बाद भी क्यों नहीं दी अनुकंपा नियुक्ति

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने पूर्व आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ प्रकरण के आफिसर-इन-चार्ज, ओओआईसी जिला शिक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम को 24 मार्च को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दे दिए। याचिकाकर्ता नर्मदापुरम निवासी ओमप्रकाश साहू की ओर से अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता आकस्मिक निधि कार्यभारित कर्मी बतौर पदस्थ थे। उनके निधन के बाद याचिकाकर्ता पुत्र पर परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी आ गई, अतः अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दिया गया। विभाग ने आवेदन इस तर्क के साथ निरस्त कर दिया कि कार्यभारित कर्मी के उत्तराधिकारी को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रविधान नहीं है। इसी रवैये के विरुद्ध याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि याचिकाकर्ता के पिता आकस्मिक निधि कार्यभारित कर्मी थे, जो बाद में नियमित स्थापना अंतर्गत कार्य करने लगे। इस बिंदु के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन निरस्त नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर पूर्व में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर पुनर्विचार का आदेश पारित किया था। हाई कोर्ट के आदेश की प्रति के साथ दोबारा अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किए जाने पर विभाग ने उसी तर्क के आधार पर निरस्त कर दिया कि कार्यभारित कर्मी के उत्तराधिकारी को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रविधान नहीं है। हाई कोर्ट में दोबारा याचिका दायर होने पर यह जानकारी प्रकाश में लाए जाने के साथ ही हाई कोर्ट ने सख्ती बरते हुए आफिसर-इन-चार्ज, ओआईसी जिला शिक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम को तलब कर लिया।

# एसपी ने देर रात किया औचक निरीक्षण

## सभी एएसपी डीएसपी फील्ड में उतरे



**जबलपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के निर्देश के बाद आगामी नवरात्र और ईद के त्योहार को लेकर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित सभी एएसपी और सभी सीएसपी शनिवार की रात मैदान में उतरे एसपी ने जहां हनुमानताल और माढ़ोताल थाने का औचक निरीक्षण किया। वहीं सभी एएसपी ने अपने अपने जोन के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया. वहीं सीएसपी ने अपने अपने संभाग के थानों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने रात्रि 11 बजे से 2 बजे तक थाना हनुमानताल और थाना माढोताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाने, जप्त माल, आर्म्स, एम्यूनेशन और राइट ड्रिल सामग्री का निरीक्षण किया। श्री उपाध्याय ने थाने के हवालात और रजिस्टरों की स्थिति भी जांची और यह सुनिश्चित किया कि सभी रजिस्टर अपडेटेड हैं या नहीं. उन्होंने सभी लंबित सी.एम. हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों को महिला, बच्चों, वृद्धों और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहने की हिदायत दी और उनकी शिकायतों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की दिशा में निर्देश दिए।

### एएसपी, सीएसपी मैदान में

इसी तरह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, समर वर्मा और सूर्यकांत शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के थानों का दौरा किया और थाने की कार्यप्रणाली, रजिस्टरों की अद्यतन स्थिति और अन्य जरूरी मामलों की जांच की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240